LKS
RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 19 जनवरी 2026 लोकतंत्र का स्तंभ

# केवल वादे नहीं अब देश चाहता है गुड गवर्नेंस और विकास : पीएम

**एजेंसी। गुवाहाटी**

- कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को देश लगातार नकार रहा है: मोदी
- काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी
- अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी



असम दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश के लोगों की पहली पसंद बन चुकी है। जनता कांग्रेस को लगातार नकार रही है, क्योंकि देश का वोटर अब केवल वादे नहीं, बल्कि गुड गवर्नेंस और विकास चाहता है। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस महाराष्ट्र में कांग्रेस वर्षों तक सत्ता में रही, वहां से वह पूरी तरह हार गई। यह स्पष्ट संकेत है कि देश ने पुरानी राजनीति को पीछे छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कलियाबोर में करीब 6,957 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। यह परियोजना ट्रैफिक जाम को कम करने के साथ-साथ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के आसपास वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए अहम मानी जा रही है। इसके अलावा पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों, डिब्रूगढ़ से गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या से रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी भी दिखाई। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि हर साल ब्रह्मपुत्र नदी का जलस्तर बढ़ने पर गैंडे और हाथी ऊंचे इलाकों की ओर पलायन करते हैं, जिससे वे सड़कों पर फंस जाते हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसी समस्या के समाधान के लिए 90 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जा रहा है, जिस पर करीब 7 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इससे गाइड, ट्रैवल एजेंसियों, होटल व्यवसायियों, हस्तशिल्प कलाकारों और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार व आय के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि असम आज दुनिया को यह दिखा रहा है कि विकास के साथ विरासत को कैसे संभाला जा सकता है।

**कांग्रेस पर साधा निशाना** : पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कि उसकी नीतियों के कारण असम में घुसपैठ बढ़ी और राज्य की संस्कृति व पहचान को खतरा पहुंचा। कांग्रेस का रवैया हमेशा घुसपैठियों को बचाने का रहा है, जबकि भाजपा सरकार असम की अस्मिता और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले कांग्रेस सरकार असम को केवल 2 हजार करोड़ रुपए देती थी, जबकि भाजपा सरकार विकास के लिए 10 हजार करोड़ रुपए तक का सहयोग कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नॉर्थ ईस्ट अब हाशिए पर नहीं रहेगा, बल्कि विकास की मुख्यधारा में रहेगा।

**वन्यजीव संरक्षण पर जोर** : पीएम मोदी ने वन्यजीव संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि 2025 में अब तक गैंडों के शिकार की एक भी घटना सामने नहीं आई है, जो राज्य सरकार और स्थानीय लोगों की इच्छाशक्ति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि असम आज विकास और पर्यावरण संरक्षण का आदर्श उदाहरण बन रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने असम में दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी



**कालियाबोर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो दिवसीय असम दौरे के दौरान रविवार को उन्होंने नागांव जिले के कालियाबोर में 6,950 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी और दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-715 के कालियाबोर-नुमालीगढ़ खंड के चार लेन विस्तार से संबंधित है। यह परियोजना पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय सड़क संपर्क को बेहतर बनाने के साथ काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की जैव विविधता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इससे पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा था कि वे कालियाबोर में महत्वपूर्ण विकास कार्यों के भूमि पूजन को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि काजीरंगा से होकर गुजरने वाला 35 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर विशेष रूप से मानसून के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा में सहायक होगा और इससे संपर्क व्यवस्था में भी सुधार आएगा।

## ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय

### न्यायपालिका की विश्वसनीयता पर सवाल



भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका को संविधान एवं नागरिकों के मौलिक अधिकारों का संरक्षक की मान्यता है। नागरिकों के अंतिम भरोसे के रूप में न्यायालयों की मान्यता है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट से अपेक्षा होती है, वह कार्यपालिका और विधायिका पर अंकुश रखें। कार्यपालिका और विधायिका नागरिकों पर शासन करती है। जो शासन और प्रशासन से प्रताड़ित होते हैं, वह कमजोर होते हैं। उनके अधिकारों की रक्षा न्यायपालिका के माध्यम से ही संभव है। हाल के वर्षों में जिस तरह सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में सरकार के लिए अलग और आम जनता के लिए अलग नियम लागू किए जा रहे हैं। जिस तरह से न्यायपालिका के फैसले बार-बार बदले जा रहे हैं। संवैधानिक पीठों और बड़ी बेंचों के पूर्व निर्णयों की अनदेखी की जा रही है। उसने न्यायपालिका की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। एक ही मुद्दे पर अलग-अलग बेंचों की विरोधाभासी टिप्पणियाँ, निर्णय और पूर्व निर्णयों को पलटने से ना केवल कानूनी अस्थिरता पैदा हो रही है, बल्कि नागरिकों तथा विधि व्यवसाय से जुड़े हुए लोगों के मन में भी न्यायपालिका के प्रति अविश्वास जन्म ले रहा है।

न्याय अब संविधान और कानून नियम के सिद्धांतों से नहीं, वरन खुली आंख से देखकर न्यायालयों द्वारा परिस्थितिवश फैसले दिए जा रहे हैं। जब संवैधानिक पीठों के फैसलों को सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों द्वारा अपेक्षित सम्मान नहीं दिया जाएगा, ऐसी स्थिति में न्यायिक अनुशासन और न्याय व्यवस्था का कमजोर पड़ना तय है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार के खिलाफ मामलों में न्यायालयों द्वारा सुनवाई और फैसला देने में देरी की जा रही है। कई संवैधानिक मामले ओर जनहित याचिकाओं की वर्षों तक सुनवाई नही होती है। लंबे समय के बाद जो फैसले आते हैं वह भी आधे अधूरे होते हैं। जमानत और अन्य फैसलों में सरकार की ईच्छा- अनिच्छा, न्यायधीशों के मन में धार्मिक आधार पर गुण-दोषों को दरकिनार करते हुए पूर्वाग्रहों के आधार पर निर्णय करने के कई मामले सामने आए हैं। नागरिकता, चुनाव, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संघीय ढांचे से जुड़े कई मामलों में न्याय में देरी, वस्तुतः न्याय से इनकार किये जाने के समान है। इससे यह धारणा मजबूत हो रही है।

न्याय पालिका अब केंद्र सरकार की इच्छा के विपरीत निर्णय देने से हिचक रही है। देश के विभिन्न राज्यों के हाईकोर्ट में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों में पदोन्नति, ट्रांसफर, पोस्टिंग को लेकर यही डर दिखता है। जिसके कारण ना तो समय पर सुनवाई हो रही है, ना ही उन पर त्वरित निर्णय आ पा रहे हैं। कई बार कठोर संवैधानिक प्रश्नों से बचने की प्रवृत्ति भी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों में दिखने लगी है। कई बार तो सुनवाई के दौरान यह लगने लगता है, जज सरकार की ओर से अपना पक्ष रख रहे हैं। आम आदमी के लिए यह स्थिति बेहद भयावह है। जब अदालतें समय पर न्याय नहीं देंगी।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में जज की पत्नी को मारी गोली, कोर्ट में आई थी गवाही देने



**पटना**। बिहार के समस्तीपुर में तैनात जज संतोष कुमार साह की पत्नी वंदना को झारखंड में गोली मारी गई है। उन्हें दो गोली लगी है। वंदना का गोड्डा कोर्ट में पति से तलाक का केस चल रहा है। संतोष कुमार साह पटोरी अनुमंडल में न्यायिक जज हैं। वंदना का कहना है कि वो शनिवार को अदालत से लौट रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसका पीछा किया और अचानक फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वंदना सड़क पर गिर गईं, जबकि हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक गोली मारने वालों में महिला के दो देवर भी शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन महिला की हालत को देखते हुए उसे भागलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक वंदना कुमारी हनवारा थाना क्षेत्र के पुराना गांव की रहने वाली है। वंदना ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसकी सुनवाई गोड्डा कोर्ट में चल रही है। शनिवार को वह मामले में गवाही देने कोर्ट आई थीं। गवाही के बाद शाम में अपने मायके लौटते समय दो बाइक सवारों ने गोली चला दी। एक गोली जबड़े में, दूसरी पीठ में लगी। वंदना ने पुलिस को बताया कि हमलावर चार लोग थे, जिनमें उसके दो देवर भी शामिल हैं।

### अलीगढ़ स्टेशन पर बम की सूचना से हड़कंप, दिल्ली-पटना राजधानी एक्सप्रेस की हुई जांच पड़ताल

**अलीगढ़**। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर बीती रात उस वक्त भारी अफरा-तफरी मच गई जब देश की प्रीमियम ट्रेनों में शुमार दिल्ली-पटना राजधानी एक्सप्रेस (तेजस रेक) को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस सनसनीखेज सूचना के बाद सुरक्षा एजेंसियां तत्काल हाई अलर्ट पर आ गईं और करीब 31 मिनट तक पूरा रेलवे स्टेशन परिसर और जिला प्रशासन गहरे तनाव और दहशत के साये में रहा। घटना की शुरुआत तब हुई जब पुलिस कंट्रोल रूम को एक गुमनाम फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने बेहद गंभीर दावा किया कि दिल्ली से पटना की ओर जा रही राजधानी तेजस एक्सप्रेस में विस्फोटक रखा गया है। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस को अलर्ट मोड पर डाल दिया गया। ट्रेन उस समय अलीगढ़ क्षेत्र के करीब से गुजर रही थी, जिसे सुरक्षा कारणों से तुरंत अलीगढ़ स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर रुकवाया गया। ट्रेन के रुकते ही भारी संख्या में पुलिस बल और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों ने मोर्चेबंदी कर ली। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमों ने ट्रेन के एक-एक कोच, पैंट्री कार और टॉयलेट की गहन तलाशी ली। इस दौरान ट्रेन में सवार सैकड़ों यात्रियों और उनके सामान को भी पूरी तरह जांचा गया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत और बारीकी से की गई जांच के बाद अधिकारियों ने पुष्टि की कि ट्रेन में कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला है। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यह केवल एक होक्स कॉल यानी फर्जी धमकी थी।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधान न्यायाधीश से की संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने की अपील

**एजेंसी। कोलकाता**




पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने न्यायपालिका के शीर्ष नेतृत्व से देश के संविधान, लोकतंत्र और न्यायिक शुचिता को अक्षुण्ण बनाए रखने का भावुक आग्रह किया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच के नए भवन के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत को संबोधित करते हुए देश की वर्तमान परिस्थितियों पर अपनी चिंताएं साझा कीं। उन्होंने न्यायमूर्ति सूर्यकांत से आह्वान किया कि वे देश के आम नागरिकों को विभिन्न केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा कथित तौर पर गलत तरीके से निशाना बनाए जाने की कार्रवाई से संरक्षण प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट रूप से कहा कि न्यायपालिका ही लोकतंत्र का अंतिम स्तंभ है, इसलिए देश के संविधान, इतिहास, भूगोल और लोकतांत्रिक मूल्यों को विनाश से बचाना अनिवार्य है। ममता बनर्जी ने प्रधान न्यायाधीश को संविधान का वास्तविक संरक्षक बताते हुए कहा कि देश की जनता न्यायपालिका के कानूनी संरक्षण में सुरक्षित महसूस करती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज में जाति या धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए और सभी को एकता के सूत्र में बंधकर देश की प्रगति के लिए सोचना और कार्य करना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने एक अन्य महत्वपूर्ण विषय मीडिया ट्रायल पर भी अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने प्रधान न्यायाधीश से आग्रह किया कि अदालती मामलों के अंतिम निपटारे से पहले ही चलने वाले मीडिया ट्रायल के बढ़ते चलन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए, क्योंकि इससे न्याय की प्रक्रिया और व्यक्ति की छवि प्रभावित होती है।

## मौनी अमावस्या लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**एजेंसी। प्रयागराज**

### हेलीकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा




प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या पर सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान संगम तट पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं, साधु-संतों पर पुष्प वर्षा कराई। पुष्पावर्षा का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कई सौ फीट ऊंचाई से हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि तीर्थराज प्रयाग में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर हुई पुष्पवर्षा आस्था का अभिनंदन और महान सनातन संस्कृति का वंदन है। जय मां गंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मौनी अमावस्या पर रविवार सुबह 8 बजे तक 1.3 करोड़ से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालु आधी रात से ही गंगा और संगम घाटों पर घने कोहरे के बावजूद पहुंचने लगे थे और सुबह के शुरुआती घंटों तक सभी दिशाओं से आते रहे। इससे पहले मकर संक्रांति पर करीब 1.03 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई थी, जबकि एकादशी पर करीब 85 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया था। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि तीर्थयात्रियों को सही रास्ता दिखाने में मदद करने के लिए मेला क्षेत्र में खंभों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए हैं, जबकि श्रद्धालुओं को गाइड करने के लिए सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स तैनात किए गए हैं। माघ मेला 800 हेक्टेयर में फैला हुआ है और इसे सात सेक्टरों में बांटा गया है। मेला क्षेत्र में 25,000 से ज़्यादा शौचालय हैं और साफ-सफाई बनाए रखने के लिए 3500 से ज़्यादा सफाई कर्मचारी तैनात हैं। कम समय के लिए कल्पवास करने की इच्छा रखने वाले पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के लिए एक टेंट सिटी बनाई गई है। जिसमें ध्यान और योग की सुविधाएं हैं। आवाजाही को आसान बनाने के लिए बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट जैसी सेवाएं भी दी गई हैं।

## संगम तट पर जाने से शंकराचार्य को पुलिस ने रोका, समर्थकों को दिया धक्का

**प्रयागराज**। प्रयागराज में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के काफिले को पुलिस ने संगम तट पर जाने से रोक दिया, जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक मौनी अमावस्या के मद्देनजर मेला क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया है, जिसके कारण किसी भी बड़े काफिले या वाहन को आगे जाने की इजाजत नहीं है। जानकारी के मुताबिक शंकराचार्य को संगम तट जाने से रोक दिया गया। जब पुलिस ने काफिले को रोका तो शंकराचार्य के समर्थकों और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी बहस हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस और शंकराचार्य के शिष्यों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए समर्थकों को धक्का दे दिया, जिससे संतों में भारी रोष है। देखते ही देखते बवाल इतना बढ़ गया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने स्नान करने से ही इनकार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संगम में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के काफिले के मामले में गहमा-गहमी जारी है। मेला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के तहत मीडिया कर्मियों को हटा दिया है।

## आप विधायक सुक्खी ने दिया इस्तीफा, पंजाब की मान सरकार को लगा झटका



**चंडीगढ़**। मुक्तसर माघी मेले में पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा था कि जो गुरु ग्रंथ साहिब जी के लापता पावन स्वरूपों का मामला चल रहा है उसमें से कुछ स्वरूप बंगा के पास गांव माजारा नौ आबाद में धार्मिक अस्थान रसोखाना श्री नाभ कंवल राजा साहिब से मिले हैं। इस बयान के बाद उक्त धार्मिक अस्थान से जुड़ी संगत ने नाराजगी जताई और मान सरकार की कड़ी आलोचना की थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उसी दिन देर शाम इस इलाके के विधायक डॉ. सुखविंदर सुक्खी, जो अकाली दल बादल की टिकट से जीतकर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे और उन्हें कैबिनेट रैंक दिया था। इसके साथ ही विभाग का चेयरमैन कन्वीनर लगाया गया था। उन्होंने उसी दिन देर रात श्री राजा साहिब अस्थान पर जाकर इस बयान की निंदा की थी और इसे अपनी आस्था का केंद्र बताया था। इस मामले से अस्थान से श्रद्धा से जुड़ी संगत में आप सरकार के प्रति काफी रोष पैदा हुआ है। वहीं रविवार को फिर विधायक डॉ. सुखविंदर सुक्खी ने अस्थान पर जाकर अपना रोष जताते हुए चेयरमैन पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया और कहा कि इस मामले में उन्हें बहुत ठेस पहुंची है।

## फ्लाइट रद्द और देरी को लेकर डीजीसीए ने इंडिगों पर लगाया 22.20 करोड़ का जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर 22.20 करोड़ का जुर्माना ठोका है। यह जुर्माना एयरक्राफ्ट रूल्स के तहत लगाया गया है। इसके तहत एकमुश्त जुर्माना 1.80 करोड़ है। इसके अलावा एफडीटीएल नियमों का 68 दिन तक पालन नहीं करने पर प्रतिदिन 30 लाख का जुर्माना लगाया गया है, जो कि 20.40 करोड़ होता है। डीजीसीए ने यह एक्शन 3 से 5 दिसंबर, 2025 के बीच इंडिगो की 2507 फ्लाइट के रद्द होने और 1852 फ्लाइट के ऑपरेशन में देरी होने पर लिया है। इस कारण तीन लाख से ज्यादा यात्रियों को परेशानी का सामने करना पड़ा था। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के निर्देश पर डीजीसीए ने मामले की जांच के लिए 4 मेंबर वाली कमेटी बनाई थी। कमेटी ने इंडिगो के नेटवर्क प्लानिंग, क्रू रोस्टरिंग और इंडिगो के इस्तेमाल किए जा रहे सॉफ्टवेयर सिस्टम की डिटेल इंवेस्टिगेशन और स्टडी की। इंडिगो एयरलाइंस ने कहा है कि वह डीजीसीए के सभी आदेशों को पूरी तरह मानेगी और जो भी सुधार जरूरी होंगे, वे सही समय पर किए जाएंगे। कंपनी के बोर्ड और मैनेजमेंट का कहना है कि हाल की घटना के बाद काम करने के तरीकों, सिस्टम और संचालन को मजबूत बनाने के लिए अंदरूनी तौर पर पूरी जांच और समीक्षा की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट में कमेटी के हवाले से बताया गया है कि इंडिगो मैनेजमेंट ने ऑपरेशन में देरी या आपात हालात से निपटने की पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। साथ ही बदले हुए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों को भी सही तरीके से लागू नहीं किया था। इसी वजह से बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं और यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। जांच में यह भी सामने आया कि एयरलाइन ने क्रू, विमान और नेटवर्क संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर जरूरत से ज्यादा जोर दिया।

## दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई 400 के पार, ग्रेप 4 की पाबंदियां लागू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता में तेज गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को शाम 4 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई ) 400 दर्ज किया गया था, जो रात 8 बजे तक बढ़कर 428 पहुंच गया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने स्थिति को देखते हुए ग्रेप 4 की पाबंदियां लागू कर दी। वायु गुणवत्ता की लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए आगे और अधिक गिरावट को रोकने के उद्देश्य से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) उप-समिति ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया है। उप-समिति ने पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रेप के स्टेज 4 यानी गंभीर श्रेणी के तहत सभी कड़े प्रतिबंधात्मक कदम तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय एहतियाती कदम के रूप में लिया गया है, भले ही एक्यूआई अभी 450 के पार न गया हो। अधिकारियों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ, अत्यंत प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों और प्रदूषकों के समुचित फैलाव न होने के कारण वायु गुणवत्ता में यह तेज गिरावट देखने को मिली है। आयोग ने स्पष्ट किया कि स्टेज4 के तहत लागू किए गए कदम पहले से ही दिल्ली में लागू ग्रेप के स्टेज-I, स्टेज-II और स्टेज-III के उपायों के अतिरिक्त होंगे। इसका उद्देश्य प्रदूषण के स्तर को और बढ़ने से रोकना और नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम करना है। आयोग ने दिल्ली के सभी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे प्रदूषण नियंत्रण के लिए निवारक उपायों को और सख्ती से लागू करें। इसमें औद्योगिक उत्सर्जन पर निगरानी, निर्माण गतिविधियों पर नियंत्रण, धूल प्रबंधन, और अन्य प्रदूषणकारी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा मौसमी परिस्थितियों के चलते आने वाले दिनों में भी वायु गुणवत्ता में सुधार की संभावना कम है।

## यूपी में कोहरे का कहर, बच्ची समेत 7 की मौत

**लखनऊ** । यूपी में शनिवार को सीजन का सबसे घना कोहरा पड़ा। हालत इतने खराब हो गए कि सडक़ों पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। गाडिय़ों की लाइटें भी नजर नहीं आ रही थीं। मेरठ, बाराबंकी समेत 15 जिलों में 40 से ज्यादा गाडिय़ां टकराईं। डेढ़ साल की बच्ची समेत 7 की मौत हो गई। 50 से ज्यादा घायल हैं। फतेहपुर में एनएच-2 पर 10 गाडिय़ां टकराईं। यहां कार ड्राइवर की मौत हो गई। मुरादाबाद में ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया, जिसमें जीजा की जान चली गई। ऐसे ही सुल्तानपुर में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को एक वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे 3 की मौत हो गई। वहीं, मेरठ में कोहरे की वजह से कार नाले में गिर गई। हादसे में डेढ़ साल की बच्ची की जान चली गई। विजिबिलिटी कम होने से रेलवे और हवाई सफर भी प्रभावित रहा। गोरखपुर, वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 100 से ज्यादा ट्रेनें लेट हैं। वीआईपी ट्रेनें भी समय पर नहीं हैं। लखनऊ एयरपोर्ट्स पर इंडिगो की 2 फ्लाइट्स कैंसिल हैं। ठंड के चलते नोएडा, ग्रेटर नोएडा, बरेली, मेरठ, सहारनपुर, बदायूं और संभल में 8वीं तक के स्कूल बंद हैं।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

ख़ास ख़बर

## यूएई के राष्ट्रपति कल भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान 19 जनवरी को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। यूएई के राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद यह उनकी भारत की तीसरी आधिकारिक और पिछले एक दशक में भारत की पांचवीं यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा दोनों नेताओं को भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी के लिए नए रास्ते तलाशने का अवसर प्रदान करेगी। यह अवसर विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान को भी सक्षम बनाएगा, जहाँ भारत और यूएई के बीच उच्च स्तर की सहमति है। यह यात्रा हाल ही में हुए, उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान से मिली मजबूत गति पर आधारित है। पिछले सितंबर 2024 में अबूधाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की यात्रा और पिछले साल अप्रैल में यूएई के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री तथा दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतुम की यात्रा शामिल है। भारत और यूएई के बीच गर्मजोशी भरे, घनिष्ठ और बहुआयामी संबंध हैं, जो मजबूत राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों पर आधारित हैं। दोनों देश एक-दूसरे के शीर्ष व्यापार और निवेश साझेदारों में से हैं, जिन्हें व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते, स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली और द्विपक्षीय निवेश संधि से बढ़ावा मिला है। भारत और यूएई के बीच मजबूत ऊर्जा साझेदारी भी है, जिसमें दीर्घकालिक ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था शामिल है।

## गणतंत्र दिवस-2026: कर्तव्य पथ पर कड़ी सुरक्षा, मेहमानों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली।** देश में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह-2026 को लेकर कर्तव्य पथ पर नई दिल्ली जिला पुलिस ने व्यापक सुरक्षा और सुव्यवस्थित सुविधा प्रबंध सुनिश्चित किए हैं। दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर आमंत्रित अतिथियों और नागरिकों के लिए सुरक्षित व उल्लासपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान एन्क्लोजर के नाम भारतीय नदियों के नाम पर रखे गए हैं, ताकि आगंतुकों को पहचान और आवागमन में आसानी हो। इसके साथ ही सुरक्षा तैनाती में भी कई अहम बदलाव किए गए हैं।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम:** दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों की संयुक्त मल्टी-लेयर्ड घेराबंदी तैनात। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों और फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) से चौबीसों घंटे निगरानी। हवाई निगरानी के लिए एंटी-ड्रोन यूनिट्स और ऊंची इमारतों पर स्नाइपर टीमें तैनात। इसके साथ ही जिले भर में होटल, गेस्ट हाउस, किरायेदारों और घरेलू सहायकों का सघन सत्यापन अभियान जारी है।

**अतिथियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं:** आमंत्रित अतिथि और टिकट धारक अपने आमंत्रण पत्र में दिए गए विवरण और मार्गों को पहले से जांच लें। वहीं मार्ग, पार्किंग और एन्क्लोजर संबंधी जानकारी के लिए रक्षा मंत्रालय और दिल्ली पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट देखें। इसके अलावा डीएमआरसी के सहयोग से मेट्रो स्टेशनों पर एंट्री-एग्जिट गेट, मार्ग, निषिद्ध वस्तुओं और अन्य जरूरी निर्देशों की लगातार घोषणाएं की जा रही हैं। नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त देवेश महला ने बताया कि ब्यास, ब्रह्मपुत्र, चंबल, चेनाब, गंडक, गंगा, घाघरा, गोदावरी, सिंधु और झेलम एन्क्लोजर में जाने वाले अतिथि उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन पर उतरें। वहीं कावेरी, कोसी, कृष्णा, महानदी, नर्मदा, पेन्नार, पेरियार, रावी, सोन, सतलुज, तीस्ता, वैगई और यमुना एन्क्लोजर के लिए सेंट्रल सचिवालय मेट्रो स्टेशन उपयुक्त रहेगा। विशेष आमंत्रित अतिथि डिजिटल पास पर दिए निर्देशों के अनुसार दिल्ली मेट्रो में निःशुल्क यात्रा कर सकते हैं। अतिथियों से अनुरोध है कि निर्धारित चैनलाइजर मार्गों का ही उपयोग करें और दिशा-सूचक बोर्डों का पालन करें। पुलिस उपायुक्त के अनुसार प्रवेश बिंदुओं पर लगातार जन सेवा घोषणाएं की जाएंगी, जिनका पालन करना अनिवार्य होगा और मार्गदर्शन के लिए कर्तव्य पथ के आसपास प्रमुख स्थानों पर दिल्ली पुलिस हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं।

**एन्क्लोजर में निषिद्ध वस्तुएं:** सुरक्षा कारणों से एन्क्लोजर में बैग, ब्रीफकेस, खाने-पीने की वस्तुएं, मोबाइल के अलावा अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान, पावर बैंक, पानी की बोतल, थर्मस, हथियार, तेजधार वस्तुएं, माचिस, लाइटर, सिगरेट, शराब, छाता, परफ्यूम, ज्वलनशील पदार्थ, खिलौना हथियार, ड्रोन, विस्फोटक सामग्री आदि ले जाना सख्त मना है। नई दिल्ली जिला पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिसकर्मी को दें या 112 पर कॉल करें।

## अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन 19-21 जनवरी तक लखनऊ में

**लोकतंत्र की शान :नई दिल्ली।** 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआइपीओसी) सोमवार, 19 जनवरी को उत्तर प्रदेश विधानसभा में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के उद्घाटन भाषण के साथ प्रारंभ होगा। 19 से 21 जनवरी तक आयोजित तीन-दिवसीय सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना स्वागत भाषण देंगे और उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह उद्घाटन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय भी विशिष्ट जनसमूह को संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य तथा अन्य गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। तीन-दिवसीय सम्मेलन के दौरान निम्नलिखित विषयों पर विचार-मंथन किया जाएगा

# मुख्यमंत्री ने आरके पुरम विधानसभा में 100 करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों की शुरुआत की। इन कामों के तहत इलाके की सड़कों को बनाया और ठीक किया जाएगा। पुरानी और जर्जर चौपालों की मरम्मत होगी, कम्युनिटी सेंटरों को नया रूप दिया जाएगा और पार्कों को सुंदर बनाया जाएगा। लोगों की सेहत के लिए पार्कों में ओपन जिम के उपकरण लगाए जाएंगे और जरूरत वाले स्थानों पर चारदीवारी भी बनाई जाएगी। इन विकास कार्यों से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आने-जाने की सुविधा, सुरक्षित सार्वजनिक स्थान, आधुनिक सामुदायिक सुविधाएं और साफ-सुथरा वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सूर्य नारायण भगवान अपनी दिशा परिवर्तन करते हैं, तब शुभ कार्यों की नई शुरुआत होती है। इसी शुभ अवसर पर आज आरके पुरम क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सांसद और विधायक को सीमित फंड उपलब्ध होता था, जिसके कारण क्षेत्रीय विकास कार्य वर्षों तक अटके रहते थे। लेकिन पहली बार दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और उनके आशीर्वाद से दिल्ली सरकार ने सभी जनप्रतिनिधियों को यह विश्वास दिया है कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्षों से दिल्ली में विकास कार्य ठप पड़े थे। आरके पुरम जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में झुग्गी बस्तियां हैं, जहां पूर्ववर्ती सरकारों ने मूलभूत सुविधाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। वर्तमान सरकार ने झुग्गियों को हटाने नहीं, बल्कि वहां रहने वाले नागरिकों को सम्मानजनक जीवन, पक्के आवास, शौचालय, स्नानघर, सड़क, नाली, पार्क और बच्चों के लिए खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने आते ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ रुपये के विकास कार्य सुनिश्चित करने के लिए लगभग 700 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। इसका उद्देश्य गरीब, मध्यमवर्गीय और संपन्न समेत सभी वर्गों को समान रूप से आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने वर्षों से बंद पड़ी पेंशन योजनाओं को दोबारा शुरू किया है। नए राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं, बिजली कनेक्शन से वंचित संपत्तियों को बिजली उपलब्ध कराई गई है, यमुना सफाई अभियान शुरू हुआ है, कूड़े के पहाड़ हटाए जा रहे हैं और इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से प्रदूषण कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि दिल्ली को हर दिशा में विकसित, स्वच्छ, हरित और आधुनिक राजधानी बनाने के लिए सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी सरकार को केवल 11 महीने हुए हैं, लेकिन आगामी वर्षों में दिल्ली का स्वरूप पूरी तरह बदला हुआ दिखाई देगा। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद से ही दिल्ली में विकास की नई शुरुआत संभव हुई है। सरकार अपने प्रत्येक वादे को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस कार्यक्रम में सांसद बांसुरी स्वराज, आरके पुरम के विधायक अनिल शर्मा, निगम पार्षद धर्मवीर सिंह और जिलाध्यक्ष रविंद्र चौधरी मौजूद रहे।




## आतिशी मार्लेना को लेकर भाजपा ने आआपा से पूछे सवाल

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के महामंत्री एवं सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने रविवार को दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी मार्लेना को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) से सवाल पूछा है। योगेंद्र चंदोलिया ने प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर के साथ पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूछा कि आतिशी मार्लेना ने सिखों के गुरु साहिबान के प्रति बेअदबी नहीं की तो आआपा नेताओं ने उन्हें 6 जनवरी की शाम से दिल्ली वालों और मीडिया से दूर क्यों रखा है।उन्होंने कहा कि 7 जनवरी को विधानसभा में आआपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से मंत्री कपिल मिश्रा द्वारा एक्स पर पोस्ट किए वीडियो पर आपत्ति करते हुए उसकी जांच कराने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष ने उनकी मांग को स्वीकार करके वीडियो को जांच के लिए भेज दिया। इस दौरान उस वीडियो पर पंजाब में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर एक ही दिन में वीडियो की जांच रिपोर्ट कैसे दे दी। दिल्ली भाजपा सांसद ने आआपा नेतृत्व से सवाल किया की दिल्ली विधानसभा में हुई घटना पर अगर उन्हें आपत्ति थी तो उसकी एफआईआर दिल्ली में क्यों नहीं दर्ज की।

## एक शाम देश के नाम" में दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा का उत्सव

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्लीः** लाजपत ऑडिटोरियम में आयोजित सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम "एक शाम देश के नाम" दिव्यांग सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता का प्रभावशाली संदेश बनकर सामने आया। दिव्यांग बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया और सभागार तालियों से गूंज उठा। मुख्य अतिथि भाजपा दिल्ली महासचिव विष्णु मित्तल ने कहा कि दिव्यांग बच्चे कमजोर नहीं, बल्कि अपार प्रतिभा से भरपूर हैं, आवश्यकता सिर्फ उन्हें मंच और सम्मान देने की है। उन्होंने किरण देवी फाउंडेशन के निदेशक प्रकाश कुमार, DKSD कपूर लाडली नूर फाउंडेशन और मीडिया पर्सनालिटी हनी महाजन के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर उनके कर-कमलों से दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर वितरित की गईं। कार्यक्रम में करीब 100 दिव्यांग बच्चों ने रैम्प वॉक, नृत्य और गायन के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी। दिल्ली ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष राम खिलाड़ी यादव, राजिंदर कपूर, श्याम जाजू, विधायक तरविंदर सिंह मारवाह, योगिता सिंह और रोहिणी जेल के सुपरिटेंडेंट गौरव सैनी ने आयोजन को प्रेरणादायक बताया। सांस्कृतिक संध्या में मोंटू मस्त, नंद किशोर, अशू पंजाबी, हैप्पीनेस गुलाटी और सेलिब्रिटी सिंगर वीर दहिया की प्रस्तुतियों ने माहौल में जोश भर दिया। वहीं दैनिक भास्कर के पत्रकार जितेंद्र शर्मा, दिल्ली पुलिस की सोनिका नागर,रिया गुर्जर, बाबू खान, रणवीर सिंह वर्मा और सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सुनीता चौधरी को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कुल मिलाकर, "एक शाम देश के नाम" दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और समाज की संवेदनशील सोच का एक यादगार उत्सव बनकर उभरा।




# अंतरराज्यीय वाहन चोरी गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार, 16 लग्जरी गाड़ियां बरामद

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने अंतरराज्यीय वाहन चोरी और फर्जीवाड़ा गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के पास से अब तक 16 महंगी और लग्जरी चोरी की गाड़ियां बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपित चोरी और लोन-डिफॉल्ट वाहनों के चेसिस नंबर से छेड़छाड़ कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उन्हें दोबारा रजिस्टर कर बेचते थे। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने रविवार को पुलिस मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि मामले की शुरुआत 05 अगस्त 2025 को हुई, जब थाना मौर्य एन्क्लेव में गाड़ी चोरी की शिकायत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी हुंडई क्रेटा कार पीतमपुरा के एपी ब्लॉक से 4/5 अगस्त की रात चोरी हो गई थी। शुरुआती जांच स्थानीय थाना पुलिस द्वारा की गई, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए पांच सितंबर 2025 को जांच क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल, चाणक्यपुरी को सौंप दी गई। पुलिस उपायुक्त के अनुसार 24 दिसंबर को इंटर स्टेट सेल के एएसआई प्रवीण सिंह को सूचना मिली कि पंजाब के जालंधर में चोरी की गाड़ियों का एक बड़ा रिसीवर सक्रिय है और इसी के पास चोरी की गई हुंडई क्रेटा भी मौजूद है। तकनीकी निगरानी के बाद पुलिस टीम ने 25 दिसंबर 2025 को जालंधर में छापा मारा। छापेमारी के दौरान दमणदीप सिंह उर्फ लक्की (42) को पकड़ा गया, जो जालंधर में सेकेंड हैंड कारों का कारोबार चला रहा था। उसके ठिकाने से चार किआ सेल्टोस कारें बरामद की गईं, जो जांच में दिल्ली से चोरी की निकलीं।

**फर्जी चेसिस नंबर और जाली दस्तावेजों से होता था खेलः** जांच में खुलासा हुआ कि दमनदीप सिंह एक संगठित अंतरराज्यीय वाहन चोरी गिरोह का मास्टरमाइंड है। यह गिरोह दिल्ली-एनसीआर से चोरी और लोन-डिफॉल्ट वाहन मंगवाता था। बाद में इन वाहनों के चेसिस नंबर बदल दिए जाते थे या टोटल-लॉस वाहनों के चेसिस नंबर का इस्तेमाल किया जाता था। इसके बाद फर्जी बिक्री पत्र (सेल लेटर) और जाली बैंक एनओसी तैयार कर गाड़ियों का दोबारा रजिस्ट्रेशन कराया जाता था। अधिकतर रजिस्ट्रेशन पंजाब और हिमाचल प्रदेश में कराए जाते थे, ताकि वाहन पूरी तरह असली प्रतीत हों। पूछताछ में दमनदीप ने खुलासा किया कि वह दिल्ली में अमनदीप, निवासी पीतमपुरा, के जरिए चोरी की गाड़ियां बेचता था। पुलिस ने दो दिन पहले अमनदीप को गिरफ्तार किया। अमनदीप खरीदारों से संपर्क करता, वाहनों की डिलीवरी कराता और दिल्ली से जालंधर तक चोरी की गाड़ियों की आवाजाही की व्यवस्था करता था। इसके अलावा, पुलिस ने अरविंद शर्मा (38) निवासी चंडीगढ़ को भी गिरफ्तार किया, जो बीटेक ग्रेजुएट है और लंबे समय से वाहन संबंधी फर्जी दस्तावेज तैयार करने का काम कर रहा था। दिल्ली पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है और आने वाले दिनों में और गाड़ियों की बरामदगी होने की संभावना है।




## सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत पार्क स्ट्रीट इलेक्ट्रिक आरएसएस का पुनर्स्थापन पूरा, मेट्रो को मिलेगी निर्बाध बिजली

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत पार्क स्ट्रीट इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब स्टेशन (आरएसएस) के पुनर्स्थापन और पुनर्निर्माण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस उपलब्धि से राजधानी की प्रमुख मेट्रो लाइनों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी और आने वाली मेट्रो परियोजनाओं को भी मजबूती मिलेगी। डीएमआरसी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पार्क स्ट्रीट आरएसएस का निर्माण वर्ष 2010 में दिल्ली मेट्रो के फेज-2 के दौरान किया गया था। यह आरएसएस एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन और वायलेट लाइन (लाइन-6) को बिजली आपूर्ति करता था। वर्ष 2021–22 में सेंट्रल विस्टा परियोजना के निर्माण के चलते इस सब स्टेशन को हटाया गया। इसके बाद 2023 में सीपीडब्ल्यूडी द्वारा उपलब्ध कराई गई वैकल्पिक भूमि पर नए आरएसएस का निर्माण शुरू किया गया, जिसे दिसंबर 2025 में पूरा कर लिया गया। नए आरएसएस को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह इंद्रप्रस्थ से आर.के. आश्रम मार्ग तक प्रस्तावित सेंट्रल विस्टा मेट्रो लाइन (फेज-5ए विस्तार परियोजना) की भविष्य की बिजली जरूरतों को भी पूरा कर सके। इसमें सभी प्रमुख विद्युत उपकरणों को दोबारा स्थापित और चालू किया गया है, जिनमें 66 केवी पावर ट्रांसफॉर्मर, 66 केवी जीआईएस पैनल, 33 केवी पैनल और 25 केवी जीआईएस पैनल शामिल हैं। यह संयुक्त आरएसएस अब एयरपोर्ट लाइन, वायलेट लाइन के साथ-साथ आगामी सेंट्रल विस्टा मेट्रो लाइन को भी बिजली आपूर्ति करेगा। भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त 25 केवी फीडर भी उपलब्ध कराए गए हैं। डीएमआरसी के अनुसार, नए आरएसएस का निर्माण अत्याधुनिक मानकों के अनुरूप किया गया है। इसमें उन्नत सब स्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम, ऊर्जा-सक्षम वीआरएफ एयर-कंडीशनिंग सिस्टम और एलईडी लाइटिंग लगाई गई है। सुरक्षा के लिहाज से ट्रांसफॉर्मर और इलेक्ट्रिकल पैनलों के लिए ऑटोमैटिक फायर प्रोटेक्शन सिस्टम और पूरी तरह एड्रेसेबल फायर अलार्म सिस्टम लगाया गया है।आरएसएस को ग्रीन बिल्डिंग मानकों के अनुरूप डिजाइन किया गया है और इसके लिए प्रमाणन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, परिसर में सोलर रूफटॉप पावर सिस्टम लगाने की योजना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कार्बन फुटप्रिंट भी कम किया जा सकेगा।




## न्यू उस्मानपुर में चाकू की नोक पर लूट का खुलासाः पुलिस की कार्रवाई से दो लुटेरे दबोचे गए

लोकतंत्र की शान

नई दिल्ली। दिल्ली के न्यू उस्मानपुर थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। थाना न्यू उस्मानपुर पुलिस की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और मजबूत जांच के चलते महज़ कुछ ही समय में दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए तीन मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल किया गया बटनदार चाकू भी बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, 15 जनवरी 2026 की रात करीब 10:52 बजे सुहैल खान (19) अपने दोस्तों अब्दुल रहीम और आरिब खान के साथ डीडीए पार्क में बैठे थे। इसी दौरान दो युवकों ने चाकू की नोक पर तीनों से मोबाइल फोन लूट लिए। विरोध करने पर आरोपियों ने सुहैल के जांघ पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। पीड़ित की शिकायत पर थाना न्यू उस्मानपुर में FIR संख्या 39/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार, एसएचओ, थाना न्यू उस्मानपुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम में हेड कांस्टेबल अमित, योगेश, विकास और अमित शामिल थे। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, स्थानीय सूचना और जमीनी पड़ताल के आधार पर दोनों आरोपियों फर्दीन (18) और फैज़ान उर्फ फज्जी (23) को सीलमपुर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। उनकी निशानदेही पर लूटे गए तीनों मोबाइल फोन और बटनदार चाकू बरामद किया गया, जिसके बाद मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 25 भी जोड़ी गई। पत्रकार के तौर पर देखें तो यह मामला एक बार फिर यह सवाल खड़ा करता है कि राजधानी के पार्क और सार्वजनिक स्थानों पर रात के समय सुरक्षा व्यवस्था कितनी मजबूत है। हालांकि, यह भी सच है कि न्यू उस्मानपुर पुलिस की सक्रियता और पेशेवर जांच ने न सिर्फ पीड़ितों को राहत दी, बल्कि अपराधियों को यह संदेश भी दिया कि कानून से बच पाना आसान नहीं है। पुलिस की यह कार्रवाई निश्चित तौर पर इलाके में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों के भरोसे को मजबूत करती है। फिलहाल मामले में आगे की जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं आरोपी किसी अन्य वारदात में भी शामिल तो नहीं रहे हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय मजदूर गरीब रक्षा दल ने सामाजिक कार्यकर्ता तेजवीर सिंह अलूना को किया सम्मानित



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा : गजरौला:** रविवार को गजरौला नगर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता, गरीब मजदूरों की आवाज उठाने वाले, युवाओं की मदद करने वाले, गजरौला की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उनका निराकरण कराने वाले सच्चे हिंदुस्तानी एवं निर्भीक, निडर समाजसेवी तेजवीर सिंह अलूना को नाईपुरा निवासी युवकों ने अपने ट्रस्ट भारतीय मजदूर गरीब रक्षा दल ट्रस्ट के तहत उनके आवास/कार्यालय पर खोज कर उन्हें सम्मानित किया, तथा सामाजिक कार्यों,युवाओं की नौकरी में काउंसलिंग करके मदद करने,अतिक्रमण,शहर को प्रदूषण से दूर करने के लिए किए गए प्रयास और निस्वार्थ जनता की मदद करने के लिए आभार व्यक्त किया,इस अवसर समाजसेवी तेजवीर सिंह अलूना ने कहा कि आप सब लोगों के सम्मान देने से मुझे सकारात्मक ऊर्जा मिलती है भविष्य में भी ऐसे ही अच्छे और सामाजिक कार्य करता रहूंगा,इस अवसर आकिल कस्सार ,साजिद अली,कर्मवीर सिंह,चमन जाटव,इंद्रपाल, राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे ।

### दिल्ली दरवाज़े पर ज़रूरतमंदों के लिए रज़ाई वितरण कैंप का आयोजन



**लोक तंत्र की शान : संभल।** नगर दिल्ली दरवाज़ा क्षेत्र में सामाजिक सरोकार के तहत एक रज़ाई वितरण कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें ठंड से प्रभावित गरीब एवं ज़रूरतमंद लोगों को रज़ाइयाँ वितरित की गईं। इस सेवा कार्य का उद्देश्य कड़ाके की ठंड में असहाय वर्ग को राहत पहुँचाना रहा। कैंप के दौरान समाजसेवा में सक्रिय टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए एडवोकेट मशहूद अली फारुकी, एडवोकेट आरिफ आलम, एडवोकेट चौधरी स्वालेहीन रज़ा, एडवोकेट जुनेद, वरिष्ठ पत्रकार व सदस्य अज़ीम अब्बासी तथा मुजीबुर रहमान ने टीम के सभी सदस्यों को सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम न केवल ज़रूरतमंदों को राहत प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग, भाईचारे और इंसानियत की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने टीम द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने समाज के कमजोर वर्गों की सहायता के लिए आगे भी निरंतर प्रयास करने का संकल्प दोहराया

### घने कोहरे के कारण अलग-अलग हादसों में दो की मौत, 6 घायल

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा : हसनपुर :** रविवार को तहसील क्षेत्र के थाना आदमपुर के मरोड़ा मोड पर हरियाणा से मजदूरी का लौट रहे मजदूरों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें 35 वर्षीय प्रेमपाल नामक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो महिलाओं सहित चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं दूसरा हादसा में सैद नंगली हसनपुर मार्ग पर रोडवेज बस और एक कर की टक्कर लगने के कारण एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, दोनों ही हादसे घने कोहरे के चलते हुए, संभल जनपद के हजरत गाढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम रहटोल निवासी सतवीर सिंह अपने परिवार और परिचितों के साथ बृजघाट से गंगा स्नान कर ईको कार से घर लौट रहे थे इस बीच सैद नंगली ढक्का मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिसमें सतवीर सिंह सिंह की 40 वर्षीय पत्नी उषा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार सवार मोहनबती, सावित्री और रामपाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए उधर दूसरे हादसे में हरियाणा से मजदूरी का लौट रहे पिकअप वाहन में कुल मजदूर की संख्या 13 थी रविवार सुबह घना कोहरा होने के कारण दृश्यता बहुत कम थी जैसे ही गाड़ी मरोड़ा मोड़ के पास पहुंची तो चालक को सामने से रास्ता साफ दिखाई नहीं दिया जिस कारण चालक वाहन पर नियंत्रित खो बैठा और पिकअप सड़क किनारे पलट गई, मजदूरों की आवाज सुनकर मौके पर आसपास के लोग एकत्र हो गए तथा ग्रामीणों ने लोगों को बाहर निकाला हादसे में कंचन, बद्री प्रसाद, स्वराज और श्री राम घायल हो गए सभी को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया घटना की सूचना मिलने पर आदमपुर प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह मौके पर पहुंच गए तथा उन्होंने मजदूर की मौत की पुष्टि की है, वही सैद नंगली थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि मृतक उषा के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।

### विवाहिता ने लगाई फांसी, घरेलू कलह से परेशान होकर उठाया कदम

**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा : हसनपुर :** रविवार को रहरा थाना क्षेत्र से एक घटना सामने आई, गांव पथरा निवासी नेतराम की पत्नी सीमा ने रविवार दोपहर करीब 2 बजे अपनी ससुराल में खेत पर जाकर पेड़ से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि सीमा घरेलू कलह और पारिवारिक तनाव से काफी परेशान चल रही थी, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया होगा, परिजनों के अनुसार सीमा की शादी करीब चार साल पहले नेतराम से हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर रहरा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की। मायके पक्ष को भी मामले की जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौके पर स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यह समय उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए गोल्डन टाइम :मुख्यमंत्री

लोकतंत्र की शान



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत इंडिया चिप प्रा. लि., एसेंट सर्किट प्रा. लि., अंबर इंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड को औद्योगिक इकाई व बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए रविवार को भूमि आवंटन पत्र प्रदान किया। निवेशकों ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्साहित हैं। सरकार व प्राधिकरण की ओर से हरसंभव सहयोग प्राप्त हो रहा है। अन्य प्रदेशों की अपेक्षा यूपी में सबसे तेज गति से विकास कार्यों को बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए धन्यवाद देते हुए उद्यमियों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि विगत साढ़े 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने नीति स्थिरता, सुशासन और त्वरित कार्य निष्पादन के माध्यम से अभूतपूर्व औद्योगिक परिवर्तन किया है। आज उत्तर प्रदेश संभावनाओं से आगे बढ़कर 'परिणामों' का प्रतीक बन चुका है। यह समय उत्तर प्रदेश में निवेश का गोल्डन टाइम है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 'उद्योग प्रथम, निवेश प्रथम' दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशकों के लिए स्थिर, सुरक्षित व विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित हुआ है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 45 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हो चुका है, इसमें से 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। जल्द ही पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव जमीन पर उतारे जाएंगे। मजबूत सुरक्षा व कानून व्यवस्था के कारण यूपी में निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। प्रदेश में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतरीन कनेक्टिविटी है। यहां देश का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क स्थापित है। सिक्सलेन, फोरलेन की इंटर स्टेट कनेक्टिविटी विकसित की गई है। हर जनपद मुख्यालय को फोरलेन से जोड़ा गया है। देश के कुल एक्सप्रेसवे का 55 फीसदी हिस्सा उत्तर प्रदेश में है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक शहरों में मेट्रो का संचालन कर रहा है। दिल्ली से मेरठ के बीच रैपिड रेल संचालित की जा रही है।

## वार्ड नं. 5 हयात नगर में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण, चेयरमैन प्रतिनिधि चौधरी मुबाशिर ख़ान ने लिया जायज़ा

लोकतंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी

**संभल।** नगर पालिका परिषद संभल के अंतर्गत वार्ड नं. 5 हयात नगर में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का आज चेयरमैन प्रतिनिधि चौधरी मुबाशिर ख़ान ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ वार्ड मेम्बर अनिल कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि चौधरी मुबाशिर ख़ान ने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण, मजबूत और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि नगर के हर वार्ड में बुनियादी सुविधाओं का विकास नगर पालिका की प्राथमिकता है। चौधरी मुबाशिर ख़ान ने बताया कि हयात नगर की यह सड़क लंबे समय से खराब स्थिति में थी, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही थी। सड़क निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। वार्ड मेम्बर अनिल कुमार ने भी निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त



करते हुए कहा कि वार्ड की जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए यह कार्य कराया जा रहा है और आगे भी विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने चेयरमैन प्रतिनिधि चौधरी मुबाशिर ख़ान का आभार व्यक्त किया और विकास कार्यों की सराहना की।

## सीएम योगी ने बताया, अयोध्या व सोनभद्र में लोग कैसे बन रहे आत्मनिर्भर

लोकतंत्र की शान



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अयोध्या व सोनभद्र का उदाहरण साझा करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएं सिर्फ सहायता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि भोजन के लिए राशन कार्ड, रोजगार के लिए मिशन रोजगार, स्ट्रीट वेंडरों के लिए पीएम स्वनिधि, परंपरागत कारीगरों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना लागू की गई है। युवाओं को अपना उद्यम शुरू करने के लिए पीएम स्टार्टअप इंडिया और पीएम स्टैंडअप इंडिया योजनाओं से जोड़ा गया है। नौकरी व स्वरोजगार के योग्य युवाओं के लिए पीएम कौशल विकास योजना के माध्यम से प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सीएम योगी ने अयोध्या का उदाहरण देते हुए बताया कि एक अनुसूचित जाति परिवार ने अपना घर बनाने के लिए पूंजी जुटाई। तभी उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से अपना घर मिल गया, जिसके बाद परिवार ने बची हुई पूंजी से ई-रिक्शा खरीदा। आज उनके परिवार का बेटा रोज करीब एक हजार रुपये कमा रहा है और पूरा परिवार आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन चुका है। वहीं सोनभद्र में आवास मिलने के बाद एक महिला लाभार्थी ने बचे हुए पैसे से डेयरी शुरू की। अतिरिक्त आय का साधन बनाया और पति के साथ मिलकर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ शौचालय, बिजली कनेक्शन, उज्ज्वला गैस और आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं भी मिल रही हैं, जिससे संपूर्ण आत्मनिर्भरता का लक्ष्य पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सरकार के संकल्प से हर जरूरतमंद के सिर पर पक्की छत और हर युवा के हाथ में रोजगार सुनिश्चित हो रहा है। उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

## दो लाख से अधिक परिवारों का साकार होगा अपने घर का सपना

लोकतंत्र की शान




**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के 2 लाख 9 हजार 421 स्वीकृत लाभार्थियों के खातों में प्रथम किस्त की धनराशि अंतरित की। राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने इसे गरीब, मध्यम वर्ग और शहरी जरूरतमंदों के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निकाय में नोडल अधिकारी तैनात कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी लाभार्थी के साथ किसी स्तर पर कोई गड़बड़ी न हो, निर्माण सामग्री समय पर और उचित दर पर मिले तथा किस्तें समयबद्ध जारी हों। सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन एक क्रांति लेकर आया है। लोग अब स्वच्छता से रहने लगे हैं। सरकार ने माफिया को दूर किया और आपने गंदगी को, इससे उत्तर प्रदेश आगे बढ़ गया। आज 2,094 करोड़ 21 लाख रुपये की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी गई है। प्रथम किस्त के रूप में प्रत्येक लाभार्थी को एक लाख रुपये मिलेंगे। 75 प्रतिशत निर्माण पूरा होने पर दूसरी किस्त एक लाख रुपये और अंतिम किस्त 50 हजार रुपये की दी जाएगी। इस तरह प्रत्येक परिवार को कुल ढाई लाख रुपये की सहायता मिलेगी।

**पीएम मोदी को लिखें धन्यवाद पत्र**–मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौनी अमावस्या के अवसर पर प्रयागराज में अब तक चार करोड़ लोग मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की पावन त्रिवेणी में स्नान कर चुके होंगे। इसके साथ अयोध्या, काशी और गढ़मुक्तेश्वर जैसे तीर्थों पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया है। ऐसे पावन अवसर पर आवास योजना की पहली किस्त मिलना लाभार्थियों के लिए विशेष सौगात है। मुख्यमंत्री ने सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए उनसे प्रधानमंत्री को धन्यवाद पत्र लिखने का आह्वान किया और विश्वास जताया कि समयबद्ध तरीके से आवास निर्माण पूरा कर प्रदेश को अधिक सशक्त व आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

## योगी सरकार की संवेदनशील पहलः गोवंश को मिल रहा पौष्टिक आहार, गोचर भूमि पर तेजी से बढ़ रहा हरा चारा उत्पादन

लोकतंत्र की शान




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पशु कल्याण और गोवंश संरक्षण को लेकर लगातार ठोस कदम उठा रही है। गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशभर में गोचर एवं चारागाह भूमि पर हरा चारा उत्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है। इसका सकारात्मक असर अब ज़मीन पर साफ दिखाई देने लगा है। प्रदेश में उपलब्ध कुल 61118.815 हेक्टेयर गोचर एवं चारागाह भूमि है। जिसमें 7140.37 हेक्टर चारागाह की भूमि को कब्जा मुक्त करके हरा चारा उत्पादन किया जा रहा है।यह प्रयास न केवल पशुओं के पोषण स्तर को बेहतर बना रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालकों को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।

**अगले दो वर्षों में 35 हजार हेक्टेयर पर होगा हरा चारा उत्पादन**–योगी सरकार ने भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक बड़ा लक्ष्य तय किया है। आने वाले दो वर्षों में 35000 हेक्टेयर कब्जामुक्त एवं सिंचित चारागाह भूमि पर हरा चारा उत्पादन कराया जाएगा। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि प्रदेश में 1691.78 हेक्टेयर क्षेत्र में हाइब्रिड नेपियर चारा और 5448.59 हेक्टेयर में अन्य हरे चारे (जई, बरसीम आदि) की बुआई की जा चुकी है। इससे गोवंश को सालभर पौष्टिक और संतुलित आहार उपलब्ध हो सकेगा।

**इन जनपदों में तेजी से बढ़ा हरा चारा उत्पादन**–प्रदेश के हरदोई, सुल्तानपुर, कानपुर नगर और रामपुर जनपदों में हरा चारा उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं टैग्ड गोचर भूमि पर शत-प्रतिशत हरा चारा उत्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। गोचर एवं चारागाह भूमि का समतलीकरण, सुरक्षाबाड़ा एवं खाई निर्माण जैसे कार्य मनरेगा कन्वर्जेन्स के माध्यम से कराए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को रोजगार भी मिल रहा है और पशुओं के लिए सुरक्षित चारागाह भी विकसित हो रहे हैं।

**शीतलहर से बचाव के भी निर्देश**–योगी सरकार ने गोवंश के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शीतलहर से बचाव के लिए बोरा-चट्ट ओढ़ाने, तिरपाल लगाने और गो-आश्रय स्थलों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि पशु स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें। कुल मिलाकर हरा चारा उत्पादन, चारागाह विकास और गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं के माध्यम से योगी सरकार यह स्पष्ट संदेश दे रही है कि प्रदेश में विकास के साथ-साथ पशु कल्याण भी शासन की प्राथमिकता है। यह पहल न केवल गोवंश संरक्षण को मजबूती दे रही है, बल्कि उत्तर प्रदेश को पशुपालन के क्षेत्र में एक सशक्त मॉडल के रूप में स्थापित कर रही है।

## सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने किया प्रतिभाग़



लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** रविवार को सनातन जागरण मंच हसनपुर के तत्वाधान में सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन नगर के विद्यालय दा प्रयास वर्ल्ड स्कूल में आयोजित किया गया प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में सनातन धर्म के प्रति जागरूकता लाना रहा, प्रतियोगिता में नगर के लगभग 11 विद्यालयों के बालक बालिकाओं ने प्रतिभा किया, प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक आयोजित की गई, इसके बाद प्रतियोगिता में टॉप 10 विजई बालक बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, वहीं सनातन जागरण मंच के संयोजक दिनेश कुमार अग्रवाल (जय भोले वालो) ने दा प्रयास वर्ल्ड विद्यालय के द्वारा प्रतियोगिता कराने में दिए गए सहयोग के लिए विद्यालय प्रबंधन कमेटी का आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर सनातन जागरण मंच द्वारा वहां उपस्थित स्कूल के अध्यापक अध्यापिकाओं को सम्मानित किया अव प्रयास वर्ड स्कूल के संस्थापक मुकेश चौहान को भी सम्मानित किया गया, इस मौके पर सनातन जागरण मंच के सभी पुरुष एवं महिला कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# बैंक में महिला से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार,14 हजार रुपए बराम

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** रविवार को हसनपुर कोतवाली पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक में महिला के साथ हुई ठगी की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई राशि में से 14000 रुपए बरामद कर लिए, बता ते चले कि बीती 14 जनवरी को रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतौली निवासी महिला मुन्नी, हसनपुर स्थित PNB शाखा से अपनी जरूरत के लिए 50 हजार रुपए निकालने आई थी। पैसे निकालने के बाद जब वह उन्हें गिन रही थी, तभी एक युवक ने मदद के बहाने उनसे पैसे ले लिए। आरोपी ने चतुराई से पैसे गिनने के दौरान 15 हजार रुपए निकाल लिए और महिला को केवल 35 हजार रुपए वापस कर वहां से फरार हो गया। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि घटना के बाद सीसीटीवी के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दीपपुर मोड़ के पास से लोहित शुक्ला निवासी अवंतिका पार्क कॉलोनी, गजरौला को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने महिला को झांसा देकर पैसे उड़ाए थे। पुलिस ने आरोपी के पास से 14 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। आरोपी ने बताया कि बाकी एक हजार रुपए उसने खर्च कर दिए। इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह, उप निरीक्षक संजय तोमर, हेड कांस्टेबल रजनीश और सचिन कुमार शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया है। बैंक में हुई इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन की सराहना की है।

## योगी सरकार के विजन से यूपी बना स्टार्टअप हब, 7 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से स्टार्टअप्स को मिल रही वैश्विक पहचान

लोकतंत्र की शान




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार राज्य को देश के अग्रणी स्टार्टअप हब के रूप में विकसित करने में जुटी है। योगी सरकार ने 'स्टार्ट इन यूपी' नीति के अंतर्गत प्रदेश में 7 अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को स्वीकृति प्रदान की है, जिन्हें अब तक कुल 27.18 करोड़ की धनराशि जारी की जा चुकी है। इन केंद्रों की मदद से प्रदेश में नवाचार, अनुसंधान, तकनीकी विकास और रोजगार सृजन को नई गति मिल रही है। इन सभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के माध्यम से सैकड़ों स्टार्टअप्स को इनक्यूबेशन, हजारों युवाओं को स्किल डेवलपमेंट, नए रोजगार अवसर और स्वदेशी तकनीक विकास को बढ़ावा मिल रहा है।

**ब्लॉकचेन से ड्रोन टेक्नोलॉजी तक, भविष्य की तकनीकों पर फोकस**–प्रदेश में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी, मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स एवं हेल्थ इन्फॉर्मेटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 5जी/6जी टेलीकॉम, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। ये सेंटर न केवल स्टार्टअप्स को तकनीकी सहायता प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उन्हें ग्लोबल स्टैंडर्ड पर प्रतिस्पर्धी बनाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**आईआईटी और आईआईएम बने नवाचार के इंजन**–गौतम बुद्ध नगर, लखनऊ, कानपुर नगर, सहारनपुर और गाजियाबाद में स्थापित इन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को आईआईटी कानपुर, आईआईटी रुड़की, आईआईएम लखनऊ, एसटीपीआई लखनऊ और एकेजीईसी गाजियाबाद जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का सहयोग प्राप्त है। इससे स्टार्टअप्स को विश्वस्तरीय लैब्स, सुपरकंप्यूटिंग, एआई/एमएल (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग) प्लेटफॉर्म, टेस्टिंग फैसिलिटी, मेंटरशिप और इंडस्ट्री कनेक्ट मिल रहा है।

**5 वर्षों में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य, 10 करोड़ तक का संस्थागत सहयोग**–उत्तर प्रदेश सरकार की स्टार्टअप नीति के तहत प्रत्येक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को स्थापना की तिथि से 5 वर्षों की अवधि में अधिकतम 10 करोड़ तक की ग्रांट-इन-एड (पूंजीगत एवं संचालन व्यय सहित) प्रदान किए जाने का प्रावधान है। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि ये सेंटर पांच वर्षों के भीतर आत्मनिर्भर बनें और दीर्घकालिक रूप से प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूती प्रदान करें।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के 18 जिलों में आज कोहरे का यलो अलर्ट, जमुई में भाई-बहन जिंदा जले, ठंड से बचने के लिए लगाई थी आग



**लोकतंत्र की शान : पटना**। बिहार के कई हिस्सों में सुबह और रात के वक्त घना कोहरा बरकरार है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज यानी रविवार को बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। 20-21 जनवरी के बाद ठंड में थोड़ी बढ़ोतरी होने की संभावना है। अगले चार दिनों के दौरान छाने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। इस दौरान सबसे ठंडा सबौर (भागलपुर) रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं जमुई में ठंड से बचने के लिए बड़ी बहन ने पुआल की झोपड़ी में आग लगा दी। आग की चपेट में आने से छोटा भाई और बहन जिंदा जल गए। मरने वालों की पहचान विजय कोड़ा की बेटी अनिता कुमारी (6 वर्ष) और बेटा मनीष कुमार (डेढ़ वर्ष) के रूप में हुई है। यह घटना बरहट थाना क्षेत्र के कुमरतरी गांव में शुक्रवार शाम की है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बिहार में इस समय उत्तर-पश्चिमी शुष्क हवाओं का प्रभाव बना हुआ है। साथ ही वातावरण में नमी अधिक होने के कारण रात के समय तापमान गिर रहा है और कोहरे की स्थिति बन रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जब तक पश्चिमी विक्षोभ कमजोर नहीं पड़ता, तब तक सुबह कोहरा और रात की ठंड बनी रहेगी।

### 24 को बाबा बटेश्वर नाथ धाम में समृद्धि यात्रा कार्यक्रम, प्रदेश अध्यक्ष ने लिया जायजा



**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 24 जनवरी 2026 को वैशाली जिले के जंदाहा स्थित बाबा बटेश्वर नाथ धाम (बसंतपुर) पहुंचेंगे। वे यहां 'समृद्धि यात्रा' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए वैशाली का दौरा किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान एनडीए के पदाधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर राजापाकर विधानसभा क्षेत्र और पूरे वैशाली जिले में उत्साह का माहौल है। राजापाकर के विधायक महेंद्र राम ने बताया कि यह यात्रा क्षेत्र के विकास और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करेगी।

### पहले की मारपीट फिर परिजनों को किया फोन, युवक की पीट-पीटकर हत्या, कर्ज और पार्टी विवाद में मौत



**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में एक युवक की सामूहिक मारपीट के बाद मौत हो गई। पीड़ित रौशन कुमार (25) को शनिवार रात करीब 12 बजे पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। घटना के बाद आरोपी ने पीड़ित परिवार को सूचना दी, जिसके बाद रोशन (मृतक) का बड़ा भाई मौके पर पहुंचा। उस समय आरोपी संदीप चौधरी, सुभाष कुमार जो बिदुपुर के मोहनपुर निवासी हैं। और आनंद कुमार सैदपुर गणेश निवासी मौके पर मौजूद थे। उन्होंने घायल रोशन को अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन रोशन की तबीयत बिगड़ते ही वो तीनों वहीं से भाग निकले। डॉक्टर ने गंभीर हालत देख रविवार सुबह उसे हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। पीड़ित रौशन कुमार गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के सहदुलापुर सातन गांव के रामशेवक सिंह का सबसे बड़ा पुत्र था। पिता के अनुसार, रौशन हैदराबाद में रहता था और करीब दो महीने पहले गांव आया था। मृतक के पिता रामशेवक सिंह का आरोप है कि संदीप चौधरी और सुभाष कुमार ने चार दिन पहले रौशन से 60 हजार रुपये कर्ज लिया था। शनिवार सुबह संदीप ने रौशन को घूमने चलने के लिए बुलाया था। रात तक वह घर नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू हुई। पिता ने बताया कि शनिवार देर रात तक गंगा चौधरी के घर आपस मे पार्टी चल रही थी। इसी दौरान किसी विवाद के चलते मारपीट हुई और सभी ने मिलकर रौशन की बेरहमी से पिटाई की। मृतक के शरीर पर चोट के निशान और हाथ-पैर में घिसटने के निशान देखे गए। घटना के बाद सभी आरोपी घरों में ताला लगाकर फरार हो गए हैं। बिदुपुर थानाध्यक्ष रवि प्रकाश ने बताया कि घटना की सूचना मिली है, लेकिन अभी तक औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलते ही कड़ी कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। मृतक के परिवार में माता-पिता के अलावा तीन अन्य भाई-बहन हैं। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### अमृत भारत एक्सप्रेस रवाना किया गया

**लोकतंत्र की शान** : कटिहार रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अमृत भारत एक्सप्रेस स्लीपर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सांसद तारिक अनवर,पूर्व डिप्टी सीएम सह सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, मेयर उषा अग्रवाल समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सांसद तारिक अनवर ने बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस स्लीपर के कटिहार होकर गुजरने से सीमांचल के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के परिचालन से महानगरों में काम करने वाले लोगों को विशेष लाभ होगा। पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने बताया कि इस ट्रेन की सबसे खास बात यह है कि इसके सभी बर्थ स्लीपर हैं, जिससे आम लोग भी आराम से यात्रा कर सकेंगे। कटिहार रेल मंडल के एडीआरएम मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जनवरी को पांच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें कटिहार होकर दो ट्रेनें गुजरेंगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह ट्रेन कटिहार और सीमांचल के लोगों के लिए एक बड़ा तोहफा है ।

# सामान लेने पहुंची छात्राओं का शंभू हॉस्टल के बाहर हंगामा

## पटना में बोलीं- 2 फरवरी से एग्जाम, किताब लेने नहीं दे रहे, हम थाने क्यों जाएं

**लोकतंत्र की शानः पटना**

पटना में NEET छात्रा की रेप-मौत मामले में SIT एक्शन मोड में आ गई है। रविवार को SIT की टीम प्रभात मेमोरियल हॉस्पिटल पहुंची। यहां 2 घंटे तक डॉक्टर्स से पूछताछ की। कुछ डॉक्यूमेंट भी सीज किए गए हैं। इसी बीच शंभू गर्ल्स हॉस्टल में रह रही छात्राएं अपना सामान और किताब लेने पहुंची, लेकिन उन्हें हॉस्टल के अंदर जाने नहीं दिया है। इसके बाद छात्राएं और उनके परिजनों ने विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रही छात्राओं ने कहा कि, 2 फरवरी से इंटर का एग्जाम है। इसके बाद NEET का एग्जाम है। सारे किताब यहीं पर है। हम लोगों को अपनी किताबें नहीं लेने दिया जा रहा है। बोला जा रहा है थाना जाए। हम थाने क्यों जाएं।

**जरूरी नोट्स और सामान लेने पहुंची हैं छात्राएं** : हॉस्टल के बाहर मौजूद छात्राओं का कहना है कि हमारा 2 फरवरी से एग्जाम है। इसके बाद NEET का एग्जाम है। हमारी किताबें और नोट्स यही है, जिसे लेने आई थी। लेकिन हमें हॉस्टल में जाने नहीं दिया जा रहा है। हम



परीक्षा की तैयारी कैसे करेंगे। हमारा सारा सामान वापस किया जाए। हमारे नोट्स-बुक्स मिलेंगे तो हम प्रॉपर तरीके से पेपर की तैयारी कर सकेंगे। दूसरी छात्रा ने कहा कि मैं करीब 6 महीने से मैं यहां रह रही थी। घटना वाले दिन मैं मौजूद थी, पर मैंने कुछ नहीं देखा। हॉस्टल में रहने के दौरान शेड्यूल सामान्य था। मैंने कोई गलत या असामान्य गतिविधियां नहीं देखी थी। इस घटना के बाद मैंने हॉस्टल में नहीं रहने का निर्णय लिया है। आज हमलोग अपने नोट्स और बुक लेने आए हैं। लेकिन नहीं लेने दिया जा रहा है।

**छात्रा की मौत पर पूरे प्रदेश में प्रदर्शनः** छात्रा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बिहार में प्रदर्शन हो रहा है। शनिवार को बेगूसराय में NSUI की ओर से प्रदर्शन किया गया। जहानाबाद में भी लोगों ने आक्रोश मार्च निकाला। इसमें कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा, 'राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुका है। पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। इस मामले में जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शनिवार को पटना SSP से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि जिनके साथ गलत हुआ है, उन्हें न्याय मिले।

**रेपिस्ट से दो घंटे तक लड़ी NEET छात्राः** NEET छात्रा की मौत मामले में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, करीब डेढ़ से दो घंटे तक छात्रा दरिंदगी करने वाले से लड़ी थी। मामले में पुलिस ने मृतका का मोबाइल जब्त कर लिया है। मोबाइल में जिन नंबरों पर सबसे अधिक बातचीत हुई है, उनकी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना से एक दिन पहले और घटना के दिन छात्रा ने जिन-जिन लोगों से मोबाइल पर बातचीत की थी, उन सभी नंबरों की पहचान की जा रही है। जांच में कुछ ऐसे नंबर सामने आए हैं, जिन पर सर्वाधिक बातचीत हुई थी।

# आरसीपी सिंह की जदयू में नहीं होगी एंट्री

**लोकतंत्र की शानः पटना**



❑ **ललन सिंह बोले-72 सीट से 42 पर पहुंचने वाले कभी पार्टी में नहीं आएंगे**

जदयू में RCP सिंह की एंट्री नहीं होगी। रविवार को केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) में आरसीपी सिंह की कोई एंट्री नहीं होने वाली है। जदयू किसी एक व्यक्ति की पार्टी नहीं है, बल्कि यह समर्पित कार्यकर्ताओं और बिहार की जनता की ताकत से आगे बढ़ी है। ललन सिंह ने तंज कसते हुए कहा,' जिन लोगों के कार्यकाल में जदयू 72 सीटों से सिमटकर 42 सीटों पर पहुंच गई थी, उनके लिए पार्टी में अब कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि जदयू के निष्ठावान कार्यकर्ताओं और बिहार की जनता ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी को दोबारा मजबूत किया और 42 सीटों से 85 सीटों तक पहुंचाया'। आगे कहा, 'जो लोग पार्टी को कमजोर स्थिति में छोड़कर गए थे, वे अब वापस आकर क्या करेंगे। ललन सिंह का यह बयान जदयू की अंदरूनी राजनीति में साफ संदेश माना जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व पुराने विवादों को दोहराने के मूड में नहीं है'। दरअसल, 6 दिन पहले पटेल सेवा संघ की तरफ से दही-चूड़ा भोज का कार्यक्रम था। इसमें सीएम नीतीश कुमार और आरसीपी सिंह दोनों पहुंचे। दोनों के पहुंचने की टाइमिंग में थोड़ा सा ही फर्क था। मंच पर भी दोनों एक साथ नहीं दिखे।

**सीएम नीतीश को सिंह ने बताया था अभिभावकः** हालांकि कार्यक्रम से निकलने के बाद आरसीपी सिंह ने कहा था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनके अभिभावक हैं। उन्होंने कहा कि उनका रिश्ता किसी एक मौके या पद से जुड़ा नहीं है। उन्होंने नीतीश कुमार के साथ आने के सवाल पर कहा था कि यह आपको जल्द ही पता चल जाएगा। आरसीपी सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न दिए जाने की मांग का भी समर्थन किया था।

## फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण



**लोकतंत्र की शान**

**कटिहारः** 18 जनवरी को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर सचिव डॉ महेंद्र पाल (भा०प्र०से०) ने कटिहार अंचल के डहेरिया पंचायत में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों का e-KYC और फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित प्रगति की समीक्षा की और तकनीकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। डॉ महेंद्र पाल ने e-KYC से वंचित किसानों से अपने नजदीकी फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में पहुंच कर फार्मर रजिस्ट्री कराने का अपील किया। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अलावा अन्य कृषि से संबंधी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु किसानों का ई-केवाईसी और किसान पंजीकरण अनिवार्य है। अपर सचिव महोदय ने जिला स्तरीय संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से कैम्प में किए जा रहे किसान रजिस्ट्री का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया ताकि कोई भी पात्र किसान योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कम प्रगति वाले फार्मर रजिस्ट्री कैम्प से संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों को ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री कराने का निर्देश दिया।

# प्रभात मेमोरियल अस्पताल के डॉक्टर्स से 2 घंटे पूछताछ, डॉक्यूमेंट सीज

**लोकतंत्र की शानः पटना**

पटना में NEET छात्रा की मौत मामले में रविवार को SIT एक्शन में दिख रही है। रविवार को SIT की टीम प्रभात मेमोरियल हॉस्पिटल पहुंची। टीम यहां 2 घंटे तक रही और डॉक्टर्स से पूछताछ हो रही है। जानकारी के मुताबिक कुछ डॉक्यूमेंट भी सीज किए गए हैं। मेडिकल हिस्ट्री खंगाली जा रही है। ASP सदर अभिनव, SDPO सचिवालय 1 डॉक्टर अन्नू समेत टीम के सदस्य मौजूद हैं। इससे पहले टीम सहज सर्जरी नर्सिंग होम में जांच करने पहुंची थी, जहां अस्पताल के डॉक्टर्स, काउंटर पर मौजूद लोगों से पूछताछ की गई। यह अस्पताल डॉक्टर सहजानंद प्रसाद सिंह का है। सहजानंद IMA के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। सबसे पहले छात्रा का ट्रीटमेंट इसी अस्पताल में हुआ था, बाद में उसे दूसरे अस्पताल यानी प्रभात हॉस्पीटल रेफर कर दिया गया था।

**पप्पू यादव बोले- आरोपी मनीष रंजन सेक्स रैकेट चलाता हैः** वहीं, पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने शनिवार रात प्रभात मेमोरियल अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने छात्रा की मौत को लेकर डॉक्टर से बात की। अस्पताल से बाहर निकलने के बाद उन्होंने



कहा 'आरोपी मनीष रंजन सेक्स रैकेट चलाता है और नेताओं और सफेदपोशों के पास लड़कियां पहुंचाने का काम करता है।' उन्होंने कहा, 'प्रभात मेमोरियल के एक डॉक्टर से मेरी बातचीत हुई थी। उन्होंने बताया कि लड़की इलाज के दौरान होश में आई थी, लेकिन जबरन वेंटिलेटर पर डाल दिया गया। परिवार के सदस्यों को मनीष रंजन का गार्ड उलझाकर रखा। उसे बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है। डॉक्टर सहजानंद शर्मा ने जब बच्ची को देखा तो उन्होंने क्यों बरगलाने का प्रयास किया। प्रथम चरण में पुलिस की ओर से बहुत रसूखदारों को बचाया गया है। मैं इसकी जांच सीबीआई से भी कराने की मांग करता हूं।

◆ **नीट छात्रा मौत मामले में एसआईटी ने सहज अस्पताल को भी खंगाला, पढ़िए सम्राट ने क्या कहा**

**मुकेश सहनी बोले- मामले की CBI जांच होनी चाहिएः** VIP चीफ मुकेश सहनी ने केंद्र सरकार को लेटर लिखकर पूरे मामले की CBI जांच की मांग की है। उन्होंने कहा, हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाली जब सुरक्षित नहीं है, तो ये पूरे शासन और प्रशासन के लिए गंभीर चेतावनी है।'

सहनी ने लिखा बिहार की राजधानी पटना में NEET की तैयारी कर रही एक छात्रा की मौत और उसके साथ कथित यौन हिंसा की घटना ने पूरे प्रदेश और देश को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न केवल शर्मनाक है बल्कि बिहार की कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़ा करती है। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि आज भी बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

**रेपिस्ट से दो घंटे तक लड़ी छात्राः** NEET छात्रा की मौत मामले में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, करीब डेढ़ से दो घंटे तक छात्रा दरिंदगी करने वाले से लड़ी थी। मामले में पुलिस ने मृतका का मोबाइल जब्त कर लिया है। मोबाइल में जिन नंबरों पर सबसे अधिक बातचीत हुई है, उनकी जांच की जा रही है।

## कटिहार में अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन

**लोकतंत्र की शान : सुमन सिंह : कटिहार**




कटिहार मेरा युवा भारत, कटिहार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा आयोजित अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के दूसरे दिन कई सत्रों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में प्रशिक्षक आशीष कुमार दीपांकर ने युवाओं को योगाभ्यास और व्यायाम कराया। दूसरे सत्र में प्रिंस शुक्ला ने युवाओं को स्टार्टअप इंडिया और इन्वेस्टर कनेक्ट के बारे में जानकारी दी और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। तीसरे सत्र में सत्यम सुंदरम ने युवाओं को नए विचारों को नवाचार और स्वरोजगार तक पहुंचाने की प्रक्रिया समझाई और ब्रांड बिल्डिंग के लिए टिप्स दिए। अंतिम सत्र में सुदामा प्रसाद सिंह ने युवाओं को व्यक्तित्व विकास और अपनी प्रतिभा को उजागर करने के तरीके बताए। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी जनक राज मीना, जिला परियोजना पदाधिकारी ब्रजमोहन प्रसाद यादव, प्रशिक्षक आशीष कुमार दीपांकर, एमटीएस बिक्रम कुमार मंडल और मेरा युवा भारत के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## जीविका द्वारा गठित संकुल संघो का निबंधन हुआ संपन्न

**लोकतंत्र की शान : सुमन सिंह : कटिहार**




**कटिहारः** जिला निबंधन कार्यालय मैं जीविका के संयुक्त प्रयास से जिले के निदान जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड कोढ़ा, सिमांचल जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड आजमनगर, सम्मान जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड फलका सहित कुल दस संकुल संघों का निबंधन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। जिला निबंधन पदाधिकारी श्री ब्रजेन्द्र कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका कटिहार श्री इंद्रशेखर इंदु एवं प्रशिक्षण अधिकारी श्री रूपेश कुमार तोमर द्वारा संयुक्त रूप से संबंधित संकुल संघों के प्रतिनिधियों को निबंधन प्रमाण पत्र दिया गया । संकुल स्तरीय संघ का निबंधन बिहार स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम 1996 के तहत किया गया। इन सभी संकुल संघों को सहकारी समितियों का प्रमाण पत्र देने से पहले सहकारिता विभाग द्वारा कई स्तर पर जांच पड़ताल की जाती है । सभी मानक के अनुसार पाए जाने के बाद ही सहकारिता विभाग द्वारा संकुल संघ के अध्यक्ष को प्रमाण पत्र दिया जाता है। निबंधन के लाभ संकुल संघ स्वावलंबी सहकारी समिति के अंतर्गत निबंधन हो जाने से अब यह स्वाबलंबी रूप से सरकार की योजनाओं एवं रोजगार संबंधी कार्यों को सुचारु रुप से करने योग्य हो गये हैं । निबंधन संबंधी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए जीविका जिला कार्यालय के कर्मियों द्वारा अनेकों रणनीति बनाये गये । सबसे पहले इस संकुल संघ से जुड़े परियोजना कर्मी एवं सामुदायिक कैडरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण किया गया, जिसमें दस्तावेज तैयार करने से संबंधित जानकारी दी गई, तथा सहकारी समिति के नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया एवं सहकारी समिति के अंतर्गत पंजीकृत होने से क्या-क्या लाभ होंगे इन सब की विधिवत जानकारी दी गई ।

## जमीन खरीदने आए शख्स से एक लाख की लूट, वैशाली में चार बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

**लोकतंत्र की शानः पटना**

वैशाली के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिग्घी स्थित महुआ मोड़ के पास शनिवार देर शाम चार बदमाशों ने एक व्यक्ति से एक लाख रुपए लूट लिए। बदमाश वारदात को अंजाम देकर महुआ की ओर फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति पटना से हाजीपुर 10 धुर जमीन खरीदने के लिए एक लाख रुपये लेकर आया था। वह अपने एक साथी के साथ बाइक से आया था। पीड़ित की पहचान पटना जिला के पत्रकार नगर थाना क्षेत्र स्थित टीवी टावर मोहल्ला निवासी पुरुषोत्तम कुमार के रूप में हुई है। पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि वह पिछले डेढ़ महीने से हाजीपुर निवासी बिट्टू कुमार से फोन पर संपर्क में थे। बिट्टू ने उन्हें महुआ रोड में एक जमीन



दिखाई थी। इसी जमीन का बयाना देने के लिए पुरुषोत्तम अपने घर पटना से हाजीपुर के रामाशीष चौक पहुंचे थे। रामाशीष चौक पर बिट्टू ने उन्हें बताया कि जमीन मालिक दिग्घी स्थित महुआ मोड़ के पास बैठे हैं, वहीं बयाना देना होगा। जब पुरुषोत्तम महुआ मोड़ पहुंचे, तो पहले से घात लगाए चार बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। बदमाशों ने उनकी जैकेट की चेन खोलकर 50-50 हजार रुपए के दो नोटों के बंडल निकाल लिए।

# तेजस्वी यादव को मिल सकती है पार्टी में नई जिम्मेदारी

**लोकतंत्र की शानः पटना**

बिहार में राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक 25 जनवरी को पटना में आयोजित होने वाली है। यह बैठक इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद यह पार्टी की पहली बड़ी रणनीतिक बैठक होगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में तेजस्वी यादव को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर फैसला हो सकता है। लालू प्रसाद यादव की बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को इसकी मुख्य वजह बताया जा रहा है।

**पहले से फैसले ले रहे हैं तेजस्वीः** हालांकि पद की औपचारिक घोषणा भले न हुई हो, लेकिन तेजस्वी यादव पहले से ही पार्टी से जुड़े अधिकांश अहम निर्णय ले रहे हैं। संगठन और राजनीतिक रणनीति में उनकी भूमिका लगातार मजबूत होती जा रही है।



**भितरघात करने वालों पर गिर सकती है गाजः** सूत्रों की मानें तो विधानसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम करने वाले नेताओं पर कार्रवाई को लेकर भी बैठक में चर्चा संभव है। कार्यकारिणी की बैठक में इस मुद्दे पर ठोस निर्णय लिए जा सकते हैं। बैठक में RJD संगठन को नए सिरे से मजबूत करने और उसमें व्यापक फेरबदल पर भी विचार किया जा सकता है। बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों में पार्टी खुद को अधिक सक्रिय और आधुनिक रूप देने की दिशा में आगे बढ़ सकती है।

**25 जनवरी को होगा पटना में फैसला, पार्टी के नेताओं पर भी हो सकती कार्रवाई**

**विदेश से लौटने के बाद तेजस्वी पूरी तरह सक्रियः** विदेश यात्रा से लौटने के बाद तेजस्वी यादव लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। बीते गुरुवार और शुक्रवार को उन्होंने पटना स्थित आवास पर पार्टी नेताओं के साथ लगातार बैठकें कीं। इन बैठकों में संगठन विस्तार, पार्टी की मजबूती और राज्य के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। इसके साथ ही तेजस्वी यादव की प्रस्तावित बिहार यात्रा को लेकर भी रणनीति बनाई गई है। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव में RJD को करारी हार का सामना करना पड़ा था और पार्टी सिर्फ 25 सीटों पर सिमट गई थी। तेजस्वी यादव महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा थे।

खास खबर

## तरुण चौहान शहरी जिला उपाध्यक्ष करनाल नियुक्त



**लोकतंत्र की शान : राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट:** कांग्रेस पार्टी के निर्देशानुसार हाई कमान कमेटी द्वारा करनाल में एक बार फिर युवा पीढ़ी को प्रोत्साहन देकर कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक में नई पकड़ बनाने खूबसूरत अंदाज और जिम्मेदारी देने का काम किया गया है जिसमे युवाओं के मनोबल को बढ़ाते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा शहरी जिला कांग्रेस पार्टी द्वारा तरुण चौहान को शहरी उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई , इस जिम्मेदारी को निभाते हुए उन्होंने कहा कि वह निष्ठा के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे साथ ही तरुण चौहान ने अपने शहरी जिला अध्यक्ष पराग गावा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश वेद,, तथा समस्त पद अधिकारियों का आभार जताया,, इस प्रशंसनीय कार्य हेतु तरुण चौहान ने राव नरेंद्र सिंह का भी दिल से आभार जताया,,

## यमुनानगर:तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से युवक की मौत

**लोकतंत्र की शान : यमुनानगर**। यमुनानगर जिले के थाना सदर क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब शनिवार की रात युवक फैक्ट्री से काम खत्म कर घर लौट रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और कार का पहिया उसके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान विपिन कुमार (35) निवासी गांव खंडवा, थाना सदर यमुनानगर के रूप में हुई है। वह सुढैल स्थित लार्क इंजीनियरिंग फैक्ट्री में कार्यरत था। परिजनों के अनुसार विपिन देर रात अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से खंडवा मोड़ की ओर आ रहा था। इसी दौरान पीछे से आई मारुति ऑल्टो कार ने तेज गति में लापरवाही से चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक कुछ दूरी पर रुका, लेकिन मौके पर भीड़ इकट्ठा होते देख कार सहित फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सिविल अस्पताल यमुनानगर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवाया गया और परिजनों को सूचित किया गया। मृतक के मामा सुभाष चंद, निवासी गांव हरनौल की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि हादसे में मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। थाना सदर यमुनानगर के जांच अधिकारी बलविंद्र सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश जारी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## गुम हुए बच्चे को पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**लोकतंत्र की शान : हरिद्वार**। सिडकुल क्षेत्र में थोड़ा मानसिक रूप से अस्वस्थ गुम हुए बच्चे को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। जानकारी के मुताबिक सिडकुल पुलिस को एक बच्चे के गुम हो जाने की सूचना मिली। बच्चा थोड़ा मानसिंक रूप से अस्वस्थ है। बच्चे के माता-पिता दोनों मेहनत-मजदूरी कर रोजी-रोटी कमाते हैं, ऐसे में बेटे के अचानक लापता हो जाने से वे परेशान हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों के साथ-साथ सिडकुल पुलिस तत्काल हरकत में आई। बच्चे की तलाश के लिए मोहल्ले से लेकर आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस ने लगभग 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसके परिणामस्वरूप बच्चे की लोकेशन ट्रेस की जा सकी। प्रयासों के बाद पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया, जिससे परिवार सहित पूरे मोहल्ले ने राहत की सांस ली। आम लोगों ने पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा की तथा बच्चे के माता-पिता ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## लक्सर मार्ग पर कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, तीन की मौत व चार घायल

**लोकतंत्र की शान : हरिद्वार**। जिले के लक्सर मार्ग स्थित फेरूपुर क्षेत्र में रविवार को एक अनियंत्रित कार और ई-रिक्शाको टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार हरिद्वार मार्ग पर फेरूपुर के समीप अनियंत्रित कार ने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, इस हादसे में विकास कुमार, निवासी फेरूपुर कार चालक, चरण सिंह निवासी कलियर रुड़की और आस मुहम्मद निवासी नसीरपुर खुर्द, लक्सर रिक्शा चालक की मौत हो गई। दुर्घटना में अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक दृष्टि में तेज रफ्तार दुर्घटना का कारण लग रही है। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## प्रदूषण स्तर बढने पर फरीदाबाद में ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू

**लोकतंत्र की शान : फरीदाबाद**। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में जारी आदेश के तहत ग्रेप के संशोधित शेड्यूल को पूरे दिल्ली-एनसीआर में तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। उपायुक्त आयुष सिन्हा ने रविवार को बताया कि दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक में तेज गिरावट दर्ज की गई है। उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, ग्रेप पर उप-समिति द्वारा आयोजित आपात बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप स्टेज-4 ('गंभीर+') के अंतर्गत सभी प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, जो पहले से लागू स्टेज-1, 2 एवं 3 के अतिरिक्त होंगी। ग्रेप के मौजूदा शेड्यूल के अंतर्गत स्टेज-1, स्टेज-2 एवं स्टेज-3 की कार्रवाइयां पहले से ही लागू हैं। उन्होंने कहा की ग्रेप के स्टेज-1, 2, 3 एवं 4 के अंतर्गत सभी उपायों को पूरे एनसीआर में संबंधित एजेंसियों द्वारा सख्ती से लागू, मॉनिटर एवं समीक्षा की जाएगी। सभी प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निरंतर निगरानी रखें और उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने नागरिकों से अपील है कि वे ग्रेप स्टेज-4 के अंतर्गत जारी नागरिक चार्टर का पूर्ण रूप से पालन करें और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में प्रशासन का सहयोग करें।

# करनाल,,फूड इंडिया एक्सपो 2026 का शानदार समापन हुआ

» एक्सपो में अपनी मशीनरी का प्रदर्शन करने वाली सभी कंपनी ओनर को शील्ड देखकर सम्मानित किया

» फूड इंडिया एक्सपो में देश-विदेश से 100के करीब कंपनी ने अपनी मशीनरी का प्रदर्शन किया




लोकतंत्र की शान , राजेन्द्र कैम की रिपोर्ट

**करनालः** करनाल की नई मंडी में 16 जनवरी से लगे तीन दिवसीय फूड इंडिया एक्सपो मेले का शानदार समापन हुआ ।आज फूड इंडिया एक्सपो के तीसरे दिन सैकड़ो राइस इंडस्ट्री से जुड़े बड़े कारोबारी ने भाग लिया। आज फूड एक्सपो के समापन पर हरियाणा राइस मिल एसोसिएशन के प्रधान ज्वेल सिंगल, हंसराज सिंगल, मक्खन लाल सिंगला मौजूद रहे। राइस मिलरो ने कहा ऐसे एक्सपो लगते रहे इसके लिए हम प्रयास करेंगे ।इस एक्सपो के जरिये राइस मिलर को नई तकनीक , नई मशीनरी व आधुनिक पैकेजिंग की जानकारी मिली है। इस एक्सपो के जरिए हम अपना व्यापार और ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं एक्सपो में मौजूद सभी से राइस मिलरो ने एक्सपो के ऑर्गेनाइजर तिलकराज अरोड़ा व उनकी टीम का धन्यवाद किया।इस एक्सपो में देश-विदेश से तकरीबन 100 के करीब बड़ी कंपनियों ने भाग लिया व अपनी आधुनिक तकनीक से लैस मशीनरी का प्रदर्शन किया । राइस मिलरो ने बड़ी कपनियों से नई मशीनरी की जानकारी हासिल की व कई राइस मिलर ने नई आधुनिक मशीनरी की डील भी की। आज तीसरे दिन फूड इंडिया एक्सपो के समापन पर फूड इंडिया एक्सपो के ऑर्गेनाइजर तिलकराज अरोड़ा द्वारा फूड इंडिया एक्सपो भाग लेने वाली सभी कंपनियों के मुखिया को शील्ड देकर सम्मानित किया । ज्वेल सिंगला ने कहा हम इस फूड इंडिया एक्सपो ऑर्गेनाइजर तिलकराज अरोड़ा धन्यवाद करते हैं जिन्होंने एक ही छत के नीचे देश-विदेश की बड़ी कपनियों को लेकर आए हैं इससे हमें भरपूर जानकारी हासिल की हैं इस एक्सपो के बाद हरियाणा का चावल उद्योग और अधिक बुलंदियों पर पहुंच जाएगा। इस एक्सपो मेले में मॉडर्न एग्रो के प्रोडक्ट लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। सभी ने मॉडर्न एग्रो के प्रोडक्ट की प्रशंसा की। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में करनाल हरियाणा व पंजाब से राइस मिलर पहुंचे हुए थे। सभी आए मुख्य मेहमानों को फूड एक्सपो 2026 के ऑर्गेनाइजर तिलक राज अरोड़ा ने धन्यवाद किया व शील्ड देखकर सम्मानित किया। इस मौके एक्सपो के ऑर्गेनाइजर तिरुकराज अरोड़ा, गुरबख्श सिंह मनचंदा, गौरव कालड़ा, शिवम अरोड़ा, धीरज अरोड़ा, सिमरन,कन्हैयालाल, माधवी प्रियंका, टीना ,हिना मीत व अन्य आयोजन मौजूद रहे।

## फतेहाबाद पुलिस को नशा मुक्ति अभियान में मिले तीन एचआईवी संक्रमित



लोकतंत्र की शान

**फतेहाबाद**। जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नशा पीड़ितों की पहचान कर उन्हें उपचार एवं काउंसलिंग उपलब्ध करवाई गई। नशा मुक्ति टीम द्वारा सीएचसी रतिया में एक ड्रग पीड़ित को दाखिल करवाया गया। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति टीम द्वारा जाखन दादी व रतिया क्षेत्र में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान रतिया शहर के 4 तथा फतेहाबाद शहर के दो ड्रग पीड़ितों को चिन्हित किया गया। सभी पीड़ितों को काउंसलिंग के उपरांत आवश्यक इलाज उपलब्ध करवाया गया तथा नियमित फॉलो-अप के लिए प्रेरित किया गया। दूसरी ओर नशा मुक्ति टीम टोहाना द्वारा सहायक उपनिरीक्षक सज्जन कुमार के कुशल नेतृत्व में जाखल थाना क्षेत्र के गांव म्यौद कलां स्थित रविदास धर्मशाला में एक विशेष नशा मुक्ति कैंप का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस तथा हरियाणा नशा मुक्ति केंद्र जाखल के सहयोग से आयोजित इस कैंप में कुल 20 लोगों ने भाग लिया, जिनके ब्लड सैंपल लेकर स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के दौरान 3 लोग एचआईवी पॉजिटिव पाए गए, जिन्हें विशेष सावधानियां बरतने व नियमित उपचार लेने के संबंध में अलग से परामर्श दिया गया। सभी पीड़ितों को प्राथमिक उपचार उपरांत अपना स्थायी इलाज सरकारी अस्पताल टोहाना, कक्ष संख्या 14 अथवा हरियाणा नशा मुक्ति केंद्र जाखल से करवाने के लिए निर्देशित किया गया। कैंप में गांव के सरपंच, पंचायत सदस्य व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## एसके चौधरी जिला महासचिव कांग्रेस में नियुक्त

लोकतंत्र की शान , राजेन्द्र कैम की रिपोर्ट




**करनालः** हरियाणा की राजनीतिक में एक बार फिर उछाल आते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला करनाल में अनेक लोगों को नवनियुक्त पद अधिकारी बनाकर पार्टी के प्रति जिम्मेदारी सौंप दी गई है जिसमें अधिवक्ता एस के चौधरी को करनाल जिले का महासचिव नियुक्त किए जाने पर सभी अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है श्री एसके चौधरी को जिला महासचिव नियुक्त होने पर सभी अधिवक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का आभार जताया इस दौरान हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला करनाल द्वारा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी,, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी,, सहित हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा लोकसभा उम्मीदवार भाई दिव्यांशु बुद्धिराजा शहरी जिला अध्यक्ष भाई पराग गाबा एवम् पार्टी के समस्त नेता गणों का दिल से आभार जताया Sk चौधरी ने कहा, पार्टी ने मुझ पर विश्वास किया और मुझे इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा। मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाऊं,, साथ ही अपने क्षेत्र में लोगों की सेवा करने के लिए हमेशा तैयार रहूंगा, उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करूंगा।" पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नव नियुक्त अधिवक्ता एसके चौधरी को बधाई दी उन्होंने कहा, "हमारा विश्वास है नव नियुक्त एसके चौधरी अपनी नई भूमिका में ईमानदारी से काम करेंगे और पार्टी को मजबूत बनाएंगे।"इस मौके पर उन्होंने हरियाणा प्रदेश के राव नरेंद्र सिंह शहरी अध्यक्ष पराग गावा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश वेद,, तथा करनाल के समस्त पद अधिकारियों का दिल से आभार जताया,,

## मुस्कान ड्रीम्स फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष युवा छात्र समाजसेवी समा्ट गौतम को हरिद्वार रुड़की में राष्ट्रीय विभूति सम्मान से किया सम्मानित

» कटनी के लाल समाजसेवी सम्राट गौतम ने उत्तराखंड में लहराया परचम

» उत्तराखंड हरिद्वार फोनिक्स यूनिवर्सिटी में समाजसेवी सम्राट गौतम के साथ देश की 150 विभूतियों का हुआ सम्मान

लोकतंत्र कि शान हसन रशीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



उत्तराखंड हरिद्वार रुड़की में राष्ट्रीय विभूति सम्मान समारोह 2025 का आयोजन फोनिक्स यूनिवर्सिटी में भव्य रूप से संपन्न किया गया। यह आयोजन शिक्षा कला संस्कृति धर्म चिकित्सा के अलावा पर्यावरण उत्थान ट्रस्ट एवं फोनिक्स यूनिवर्सिटी रुड़की के संयुक्त तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें भारत देश के लगभग सभी राज्यों से 150 राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय विभूतियां चयनित की गई थी। इस कार्यक्रम में कटनी जिले से मुस्कान ड्रीम्स फाउंडेशन समाजसेवी संस्था के युवा प्रदेश अध्यक्ष युवा छात्र समाजसेवी सम्राट गौतम का चयन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहीद ए आजम भगत सिंह के भतीजे डॉक्टर किरनजीत सिंह सिंधु एवं कार्यक्रम के आयोजक श्री संजय वत्स जी के द्वारा शॉल एवं पगड़ी पहनकर सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो एवं उपहार भेंट कर कटनी के लाल जिले के समाजसेवी सम्राट गौतम को सम्मानित किया गया। जूनियर समाजसेवी एवं युवा छात्र सम्राट गौतम जो की स्कूली शिक्षा के साथ-साथ बचपन से ही समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाते आ रहे हैं जिसके लिए उन्हें कई राज्यों के मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फोनिक्स यूनिवर्सिटी के कुलपति मनीष पांडे जी एवं कई गणमान्य भारतवर्ष की हस्तियों के अलावा उद्योगपति राजनेताओं एवं समाज सेवियों की उपस्थिति रही कार्यक्रम के आयोजक श्री संजय वत्स जी और फोनिक्स यूनिवर्सिटी के सभी पदाधिकारी के मार्गदर्शन में सफल और शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## लंबे पैदल मार्ग को ट्रेक ऑफ द ईयर–2026 घोषित करने की मांग

लोकतंत्र की शान



**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से रविवार को भेंट कर लंबे पैदल मार्ग को "ट्रेक ऑफ द ईयर–2026" घोषित करने की मांग की है। मनवीर चौहान ने बताया कि जनपद उत्तरकाशी के नौगांव व चिन्यालीसौड़ क्षेत्र में पर्यटन मार्ग, आवास गृह और ग्रामीण सड़कों के निर्माण से जुड़ी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि चिन्यालीसौड़ विकासखण्ड के अंतर्गत सेममुखेम एवं सप्तसेम धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल हैं। जगडगांव दिचली व बनकोट से इन स्थलों तक लगभग 28 किमी वाहन मार्ग एवं आगे 6 किमी पैदल मार्ग है। उन्होंने सेममुखेम से सप्तसेम तक के 6 किमी लंबे मार्ग को "ट्रेक ऑफ द ईयर–2026" घोषित करने की मांग की। उन्होंने नौगांव विकासखण्ड के पर्यटन स्थल राजगढ़ी, मां रेणुका देवी मंदिर (सरनौल) और श्री जमदग्नि ऋषि आश्रम (थान) में पर्यटक आवास गृह के निर्माण की भी मांग रखी। इसके अतिरिक्त मसाल गांव, गंगटाड़ी, पालर-मस्सू, पौल गांव, रौतल व मुरखील में सड़क निर्माण, मसाल गांव–गंगटाड़ी मोटर मार्ग पर पुल निर्माण, पालर-मस्सू से फरी तक मोटर मार्ग तथा रौतल से मुरखील मोटर मार्ग निर्माण की स्वीकृति का आग्रह किया गया। मनवीर चौहान ने कहा कि इन योजनाओं से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने मांगों पर शीघ्र निर्णय का आश्वासन दिया।

## दो पिकप एवं स्कार्पियों में जा रही थी गांजा की खेप बड़वारा पुलिस ने धर दबोचा की अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

लोकतंत्र कि शान हसन रशीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के व्दारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था । जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन मेंअवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालो के विरूद्ध मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था ।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-** वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में क्षेत्र में हो रहे गांजा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी दौरान दिनांक 18.01.2026 को दौरान देहात भ्रमण के ग्राम मिडरा के जंगल में दो पिकप वाहन एवं एक स्कार्पियों वाहन संदिग्ध प्रतीत होने पर मय हमराही स्टाफ के घेराबंद कर पकड़ा गया उक्त वाहनों के चालकों एवं वाहन में बैठे व्यक्तियों से पूंछतांछ की गई जिन्होने अपना नाम 01. प्रिस केशनी पिता अनिल प्रसाद केसनी उम्र 19 साल निवासी मिशन चौक थाना कोतवाली जिला सरगुजा (छ.ग.), 02. धनजी कुमार सोनी पिता सुनील सेठ उम्र 24 साल निवासी ग्राम कोचस थाना कोचस जिला रोहताश (बिहार), 03.संजय दास पिता मोहरदास उम्र 23 साल निवासी ग्राम आरा थाना राजपुर जिला बलरामपुर (छ.ग.), 04. रेडम पारधी पिता जाहिर पारधी उम्र 40 साल निवासी ग्राम खिरहनी थाना बरही जिला कटनी, 05.राजन सोनी पिता राजेन्द्र सेठ उम्र 28 साल निवासी मिशन चौक थाना कोतवाली जिला सरगुजा (छ.ग.), 06. राहुल सोनी पिता राजू सोनी उम्र 20 साल निवासी मिशन चौक थाना कोतवाली जिला सरगुजा (छ.ग.) का होना बताये । उक्त वाहनों वाहन क्र. BR-24 GC-5729, UP-64 BT-3360 एवं स्कार्पियो वाहन क्र. CG-15 EJ-0814 की हमराह स्टाफ द्वारा एवं स्वतंत्र साक्षियों के समक्ष विधिवत तलाशी ली गई । जो तीनो वाहनो में गांजा से भरी बोरियां से कुल 133.93 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद होने पर मौके पर विधिवत कार्यवाही कर मुताबिक जप्ती पत्रक के वाहनों सहित कुल कीमती करीब 50 लाख रुपये का जप्त किया गया । उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई । बाद जप्तशुदा मशरूका के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है । विशेष भूमिका- सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि.कृष्ण कुमार पटेल, उनि प्रदीप कुमार जाटव, सउनि रघुवीर सिंह, सउनि रामनाथ साकेत, सउनि विक्रम सिंह , प्रधान आरक्षक पवनराज, आरक्षक सुरेन्द्र सिंह, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी एवं आरक्षक बृजलाल प्रजापति की विशेष भूमिका रही।

## यमुनानगर:हरियाणा की बिजली योजनाओं को गति देने के लिए केंद्रीय मंत्री से मिले अनिल विज

लोकतंत्र की शान



**यमुनानगर**। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात औपचारिक शिष्टाचार से आगे बढ़ते हुए नीति, योजना और क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रही, जिसमें राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं और भावी चुनौतियों पर गंभीर मंथन हुआ। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने रविवार को इस मुलाकात की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में हरियाणा में विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाने, ट्रांसमिशन व वितरण नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़ करने, तकनीकी सुधारों के माध्यम से बिजली आपूर्ति को निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण बनाने तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने ऊर्जा क्षेत्र को आत्मनिर्भर और भविष्य उन्मुख बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच बेहतर तालमेल और संस्थागत सहयोग के जरिए विकास परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से धरातल पर उतारने पर भी सहमति बनी। इस समन्वय से न केवल योजनाओं की गति तेज होगी, बल्कि पारदर्शिता और कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। भेंट के दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी सकारात्मक एवं रचनात्मक संवाद हुआ। दोनों नेताओं ने स्पष्ट किया कि ऊर्जा क्षेत्र में लिए जाने वाले नीतिगत निर्णयों का अंतिम उद्देश्य प्रदेश के औद्योगिक विकास को मजबूती देना और आम नागरिक को विश्वसनीय बिजली सुविधा उपलब्ध कराना है।

## झुंझुनू के भाजपा विधायक की कंपनी का कटा 25 लाख का चालान

लोकतंत्र की शान

**झुंझुन**। राजस्थान परिवहन विभाग (आरटीओ) चूरू के एक इंस्पेक्टर ने शनिवार को झुंझुनू के भाजपा विधायक राजेन्द्र सिंह भांबू की हाईवे के रखरखाव का काम करने वाली कंपनी का 25 लाख रुपए का चालान काटा। राजेन्द्र सिंह भांबू की कंपनी का हाईवे पर नियम के मुताबिक सुविधाएं नहीं देने के चलते ये चालान काटा गया है। ऐसा बहुत कम होता है कि आरटीओ किसी हाईवे पर सुविधाएं नहीं देने के कारण हाईवे का मेंटेनेंस देखने वाली फर्म का चालान काटे। अब तक इस तरह की कार्रवाई नोडल एजेंसी या रिडकोर करती थी। जिस एजेंसी के जरिए हाईवे का निर्माण करवाया जाता है वही एजेंसी रखरखाव करने वाली फर्म पर जुर्माना करती है। चालान आरएसबी इंफ्रा प्रा. लि. कंपनी का काटा गया है जो इस पूरे हाईवे का रखरखाव का काम करती है। जबकि टोल कलेक्शन करने वाली फर्म केकेसी सीकर को भी इस चालान में संयुक्त रूप से दोषी माना है। मामला चूरू जिले में राजगढ़ से भालेरी (स्टेट हाईवे 06) तक 133 किलोमीटर लंबी सड़क का है। आरटीओ इंस्पेक्टर रॉबिन सिंह की टीम ने जब इंस्पेक्शन किया तो उन्हें इस हाईवे पर सांकेतिक बोर्ड (साइनेज), नाइट रिफ्लेक्टर, हाईवे पर बने अलग-अलग जंक्शन (चैराहों, तिराहों) पर वॉर्निंग साइन, इमरजेंसी नंबर समेत अन्य सुविधाएं नहीं दिखीं। इसके अलावा, टोल बूथ पर न तो इमरजेंसी एम्बुलेंस थी और न ही हादसा होने पर हाईवे पर ट्रैफिक खुलवाने के लिए हाइड्रा क्रेन और हाईवे पेट्रोलिंग मिली। इस पर डीटीओ चूरू की टीम ने 25 अलग-अलग पॉइंट्स पर रिपोर्ट तैयार करके हर पॉइंट पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए कुल 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। इंस्पेक्टर रॉबिन सिंह ने बताया कि नियमों के तहत हाईवे पर इन सुविधाओं को विकसित करना कॉन्ट्रैक्टर की जिम्मेदारी होती है, ताकि हाईवे पर आने वाली गाड़ी के ड्राइवर को हर जगह की सही जानकारी मिल सके और वह दिन, रात या अन्य परिस्थिति में सुरक्षित सफर कर सके।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में हिंदू कार्यकर्ता को जान से मारने की धमकी, धर्मांतरण का विरोध करने पर फतवे जारी

**नई दिल्ली**। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए काम कर रहे हिंदू कार्यकर्ता शिवा कच्छी ने कहा है कि उनकी जान को खतरा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक वीडियो पोस्ट कर आरोप लगाया कि एक इस्लामी संगठन ने उनके खिलाफ हत्या की धमकियां दी हैं। शिवा कच्छी का कहना है कि उन्होंने हिंदू लड़कियों के अपहरण और जबरन धर्मांतरण के खिलाफ आवाज उठाई। इसी वजह से उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और पुलिस इस पूरे मामले में खामोश हैं। शिवा कच्छी पाकिस्तान में अल्पसंख्यक अधिकार संगठन के संस्थापक और अध्यक्ष हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान से जुड़े मौलवियों ने उनके खिलाफ फतवे जारी कर हत्या की अपील की है। कच्छी ने कहा कि उन्होंने कई बार संघीय सरकार, सिंध सरकार और पुलिस को शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। 18 जनवरी को शिवा ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र, यूएन मानवाधिकार परिषद, एमनेस्टी इंटरनेशनल, ह्यूमन राइट्स वॉच और अमेरिका के विदेश विभाग को टैग किया। उन्होंने X पर लिखा, "अगर मुझे या मेरे परिवार को कोई नुकसान होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पाकिस्तान राज्य की होगी।" उन्होंने तुरंत सुरक्षा, धमकी देने वालों पर आपराधिक कार्रवाई और पाकिस्तान में "फतवा की राजनीति" खत्म करने की मांग की। शिवा कच्छी लंबे समय से सिंध प्रांत में नाबालिग हिंदू लड़कियों और विवाहित महिलाओं के अपहरण और जबरन धर्मांतरण के मामलों को रिकॉर्ड कर रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें "इस्लाम विरोधी" और "राज्य विरोधी" कहकर बदनाम किया जा रहा है। उमरकोट जिला पाकिस्तान का एकमात्र हिंदू बहुल जिला है। 2023 की जनगणना के मुताबिक यहां करीब 52% आबादी हिंदू है। पूरे पाकिस्तान के लगभग 94% हिंदू सिंध में रहते हैं, जिनकी कुल संख्या 40 से 50 लाख के बीच बताई जाती है। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि पाकिस्तान में हिंदू, ईसाई और अहमदिया समुदाय लंबे समय से भेदभाव और हिंसा का सामना कर रहे हैं।

### 'प्लेन में बम है...' इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, लखनऊ में उतारा गया

**लखनऊ**। इंडिगो की फ्लाइट में बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रहे विमान की लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, ATC को रविवार सुबह 8:46 बजे इंडिगो की 6ई-6650 फ्लाइट में बम की सूचना मिली। विमान सुबह 9:17 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यात्रियों को उतारकर विमान को आइसोलेशन बे में पार्क किया गया। जानकारी के मुताबिक, विमान के बाथरूम के अंदर एक नैपकिन पर धमकी लिखी मिली। लिखा था- 'प्लेन में बम है।' एक यात्री को यह नैपकिन दिखी तो उसने इसकी सूचना क्रू मेंबर को दी। बाद में विमान को तत्काल लखनऊ डायवर्ट किया गया। यहां बम निरोधक दस्ते, फायर ब्रिगेड, मेडिकल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने विमान को घेर लिया। बम निरोधक दस्ता विमान के अंदर सर्च ऑपरेशन चला रहा है। अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी भी मामले की बारीकी से जांच पड़ताल में जुटे हैं। विमान में 230 यात्री (8 बच्चे भी), 6 क्रू मेंबर और 2 पायलट सहित कुल 238 लोग सवार थे। सभी को चेकिंग के बाद सुरक्षित उतार दिया गया। अंदर ही सबके लगेज और विमान की जांच की जा रही है। पैक्ड रेडियोएक्टिव सामग्री ले जाने की भी सूचना थी एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, प्लेन में बम की सूचना के अलावा यह भी जानकारी मिली है कि विमान के लगेज कंपार्टमेंट में पैक्ड स्थिति में रेडियोएक्टिव सामग्री भी ले जाई जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बॉम्ब थ्रेट असेसमेंट कमेटी (BTAC) का गठन किया गया है, जो पूरे प्रकरण का आकलन कर रही है। फिलहाल, विमान को आइसोलेशन बे में खड़ा कर दिया गया है। क्विक रिस्पॉन्स टीम (QRT) विमान को पूरी तरह से घेराबंदी में लेकर सुरक्षा जांच कर रही है। विमान 5.5 घंटे बाद दोपहर 3 बजे भी एयरपोर्ट पर खड़ा है।



#### पूर्व विधायक बोले-एंजॉय करने वाली मां से पैदा हुए हो?

### आरडी प्रजापति ने कहा- कथावाचकों को जूते की माला पहनाकर नंगा घुमाया जाए

**भोपाल**। छतरपुर के चंदला से पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने कथावाचकों पर विवादित बयान दिया है। प्रजापति ने कहा- अब बहन-बेटियां तो प्लॉट हो गई हैं। कोई भी सौ बार रजिस्ट्री कराओ, हजार बार रजिस्ट्री कराओ। बहन-बेटियों की छाती से पृथ्वी हिलने लगी है, ये अनिरुद्धाचार्य कहते हैं। प्रजापति ने आगे कहा- एक अंधाचार्य है, वह कहता है कि वाइफ मतलब वंडरफुल इंस्ट्रूमेंट फॉर एंजॉय। तुम भी अपनी एंजॉय वाली मां से पैदा हुए हो का? कितने लोगों ने एंजॉय किया है? तभी तुम्हारी आंखें खराब हो गईं, अंधरा। एक बाबा लाली लगाकर कहता है, 25 साल की लड़कियां कथाओं में जाकर अपनी जवानी 'उतार कर' आती हैं। मैं चाहता हूं कि हमको फांसी दी जाए, संतोष वर्मा जी को आईएएस से हटा दिया जाए, लेकिन पहले उनको (कथावाचकों को) जूतों की माला पहनाकर नंगा घुमाया जाए, जो व्यास पीठ से ऐसा बोलते हैं। प्रजापति ने ये बात रविवार को भोपाल के भेल दशहरा मैदान में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा के महासम्मेलन में कही। आरडी प्रजापति ने 2013 का विधानसभा चुनाव बीजेपी के टिकट पर जीता था। 2018 में पार्टी ने उनका टिकट काटकर उनके बेटे राजेश प्रजापति को दे दिया। राजेश प्रजापति 2018 से 2023 तक विधायक रहे। इस दौरान आरडी प्रजापति ने सपा जॉइन कर ली। सपा के टिकट पर ही टीकमगढ़ से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था। इसमें वे हार गए थे।

### पूर्व-सीजेआई बोले-समाज में करप्शन, जज भी यहीं से आते हैं

**जयपुर**। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (JLF) में 'आइडियाज ऑफ जस्टिस' सेशन में पूर्व सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा- मैं बेबी बूमर पीढ़ी का हूं। लेकिन मेरी 2 बेटी हैं, जो स्पेशल नीड्स वाली हैं और Gen-Z हैं। तो अगर मुझे उनकी जिंदगी से जुड़े रहना है, तो मुझे Gen-Z के काम करने का तरीका फॉलो करना पड़ेगा। डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा- मैं भ्रष्टाचार को जस्टिफाई नहीं कर रहा, लेकिन जज भी सोसाइटी से आते हैं। सोसाइटी में करप्शन है। लेकिन जज से हायर कॉलिंग एक्सपेक्टेड है। हां, करप्शन है। इसे रोकने के लिए जवाबदेही तय करने के लिए एफिशिएंट सिस्टम चाहिए। गलत जजमेंट पर करप्ट कहना आसान है, लेकिन ट्रूथ देखना जरूरी है। पूर्व सीजेआई ने कहा- जब मैं समलैंगिकता अपराधमुक्त करने वाला फैसला लिख रहा था तो मुझे लियोनार्ड कोहेन का कोट याद आया। वह कोट 'डेमोक्रेसी इन सम डेंजर' के बारे में था। मैंने सोचा कि ये फैसला फ्लोरिश वाला होना चाहिए। कुछ फैसले बीच रोड पर लिखे जाते हैं, कुछ में थोड़ा फ्लोरिश डालते हैं। रविवार को 'इमेजिन : द न्यू होराइजंस ऑफ क्रिएटिविटी' सेशन में गीतकार प्रसून जोशी ने कहा- AI में वो रचनात्मकता और कल्पना नहीं है, जो मनुष्यों में होती है। AI एक टूल है। अगर हम इसे एक एक्सटेंशन के रूप में समझते हैं तो कोई आपत्ति नहीं है। वहीं आयरलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री लियो वराडकर ने JLF के मंच पर अपना जन्मदिन मनाया। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की ने कहा- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने अहम को आगे रखते हुए दूसरे देशों पर प्रहार कर रहे हैं। इसका असर अन्य सभी देशों की जियो पॉलिटिक्स पर पड़ रहा है। सेशन 'ए कॉन्टिनेंट इन क्राइसिसः रशिया, यूक्रेन एंड द यूरोपियन स्टोरी' में सिकोरस्की ने कहा- रूस-चीन की बढ़ती नजदीकी रूस के दीर्घकालिक हित में नहीं है। रूस धीरे-धीरे चीन पर आर्थिक रूप से निर्भर होता जा रहा है और अपनी राष्ट्रीय संपदा चीनी उत्पादों पर खर्च कर रहा है। यह स्थिति रूस को कमजोर बना सकती है, क्योंकि चीन रूस पर अपनी आर्थिक शक्ति का उपयोग राजनीतिक प्रभाव हासिल करने के लिए कर सकता है।

# ग्रीनलैंड- ट्रम्प के विरोध में हजारों लोग सड़कों पर

**एजेंसी, नुउक**

ग्रीनलैंड में ट्रम्प के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर दिए बयानों पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने 'ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है' के नारे लगाए। बर्फीली सड़कों के बीच प्रदर्शनकारी ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक के डाउनटाउन से अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय झंडे लहराए और विरोधी पोस्टर थामे रहे। पुलिस के मुताबिक यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है, जिसमें नुउक की लगभग एक-चौथाई आबादी शामिल हुई। इसी दौरान अमेरिका ने यूरोप के 8 देशों पर 10% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। इससे ग्रीनलैंड के लोगों में ट्रम्प को लेकर गुस्सा और बढ़ गया।

दूसरी ओर यूरोपीय संघ (EU) के सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में हैं। यूरोपियन पीपुल्स पार्टी




(EPP) के अध्यक्ष मैनफ्रेड वेबर ने शनिवार को सोशल मीडिया X पर पोस्ट कर कहा कि ट्रम्प की ग्रीनलैंड धमकियों के कारण अमेरिका से समझौते को मंजूरी देना संभव नहीं है।

**EU में अमेरिकी उत्पादों पर 0% टैरिफ को होल्ड करने की मांगः** मैनफ्रेड वेबर ने सोशल मीडिया पर कहा कि EPP व्यापार समझौते के पक्ष में था, लेकिन ट्रम्प की ग्रीनलैंड धमकियों के कारण अब मंजूरी संभव नहीं। उन्होंने अमेरिकी उत्पादों पर 0% टैरिफ को होल्ड करने की बात कही। यूरोपीय संसद के अन्य समूह भी समझौते को फ्रीज करने की मांग कर रहे हैं। अगर फैसले को लेकर सहमति बनती है, तो समझौता रुक सकता है।

- कहा- हमारा देश बिकाऊनहीं
- अमेरिका के साथ ट्रेड एग्रीमेंट रोकने की तैयारी में यूरोपीय संघ

**ट्रेड वॉर से बचने के लिए EU ने अमेरिका से समझौता किया थाः** EU-US ट्रेड एग्रीमेंट को यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने पिछले साल तय किया था। यह समझौता आंशिक रूप से लागू हो चुका है, लेकिन इसे अंतिम मंजूरी यूरोपीय संसद से मिलना अभी बाकी है। अगर EPP के सांसद वामपंथी दलों के साथ इसके विरोध में खड़े होते हैं, तो उनके पास इतनी संख्या हो सकती है कि वे इस समझौते की मंजूरी को टाल दें या पूरी तरह रोक दें। इस ट्रेड डील के तहत ज्यादातर यूरोपीय वस्तुओं पर अमेरिका 15% टैरिफ लगाने पर सहमत हुआ था। इसके बदले EU ने अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और कुछ कृषि उत्पादों पर शुल्क खत्म करने का वादा किया था। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने यह समझौता अमेरिका के साथ ट्रेड वॉर से बचने के लिए किया था।

## ईरान में लाशों के ढेर से खोजा बेटी का शव, सुरक्षाबलों ने सिर में गोली मारी थी

**एजेंसी, तेहरान/वॉशिंगटन**

ईरान में फैशन की पढ़ाई कर रही 23 साल की एक कॉलेज की छात्रा को ईरानी सुरक्षा बलों ने 8 जनवरी को गोली मार दी थी। घटना की जानकारी अब सामने आई है। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक छात्रा की मां को लाशों के ढेर के बीच अपनी बेटी की बॉडी ढूंढनी पड़ी। रिपोर्ट के मुताबिक छात्रा रूबिना अमिनियन को ईरानी सुरक्षाबलों की गोली सीधे सिर के पीछे लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। रूबिना की मौत के एक सप्ताह बाद भी परिवार ने रीति रिवाज से उसका अंतिम संस्कार नहीं किया है। सुरक्षा बलों से बचने के लिए उसके शव को चोरी से सड़क के किनारे गड्ढे में ही दफना दिया।

वहीं, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने पहली बार ये माना कि पिछले 28 दिसंबर से जारी प्रदर्शनों के दौरान हजारों लोग मारे गए। उन्होंने इन मौतों के लिए ट्रम्प को जिम्मेदार ठहराया। खामेनई ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हाथ खून से रंगे हैं। ट्रम्प ने इसका जवाब देते हुए कहा कि ईरान सरकार अब चंद दिनों की मेहमान है। वहां नए नेतृत्व की तलाश करने का समय आ गया है। घटना के समय रूबिना की मां



❑ मां बोली- शव चुरा सड़क किनारे दफनाया

करमनशाह शहर में थीं, जो तेहरान से लगभग 460 किलोमीटर दूर है। रूबिना की मां को उसके दोस्तों ने फोन कर बताया कि उन्हें गोली लग गई है।

न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक, वे सब 8 जनवरी को कॉलेज से घर लौट रहे थे, तभी प्रदर्शन दिखाई दिया और वे उसमें शामिल हो गए। ईरानी एजेंट राइफल और शॉटगन का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर रहे थे। इस दौरान सुरक्षा बलों की गोली रूबिना के सिर के पीछे लगी। जानकारी मिलते ही रूबिना की मां अमीना नोरेई तुरंत तेहरान रवाना हुईं। वहां उन्होंने बेटी की बॉडी ढूंढी। रूबिना राजनीतिक या सक्रिय गतिविधियों में शामिल नहीं थीं।

## वांगचुक की पत्नी बोलीं- सोनम जेल में फर्श पर सो रहे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है। उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें। आंगमे ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है। गीतांजलि ने न्यूज एजेंसी PTI को दिए इंटरव्यू में ये बाते कहीं। सोनम वांगचुक को 26 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत हिरासत में लिया गया था। यह कार्रवाई लेह में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद की गई थी।



इन प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हुई थी और 90 लोग घायल हुए थे।

गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम वांगचुक की हिरासत के खिलाफ विरोध न होने से वह थोड़ी निराश हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर आवाज़ को और एकजुट और मज़बूत होना चाहिए। आंगमो के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत हिरासत में लिए गए व्यक्ति को 5 से 10 दिनों के भीतर सभी दस्तावेज दिए जाने चाहिए।

## महाराष्ट्र में महिला बोली- वोट डालने दूसरे जिले भेजा गया

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र के बीड जिले की एक महिला ने दावा किया है कि उसे नगर निगम चुनाव में वोट डालने के लिए दूसरे जिले में ले जाया गया था। महिला के मुताबिक, वह अकेली नहीं है, जिसके साथ ऐसा हुआ। 15 जनवरी को चुनाव के दिन बीड जिले से करीब 4 बसों में भरकर महिलाएं पिंपरी-चिंचवड़ में वोट डालने गई थीं। महिला ने बताया कि वह बीड के गेवराई तालुका की रहने वाली है। उसे मतदान की जानकारी नहीं थी। उससे कहा गया था कि पुणे जिले के जेजुरी स्थित खंडोबा मंदिर में स्वयं सहायता समूह की एक बैठक होने वाली है। इसलिए महिलाएं बस में सवार होकर चली गईं। महिला ने 17 जनवरी को बीड के पुलिस अधीक्षक (SP) से मामले की शिकायत की और बताया कि इन सब के पीछे एक अन्य महिला थी। उसने आरोपी




महिला के खिलाफ धोखाधड़ी की FIR दर्ज करने की मांग की है।

**महिला बोली- वोट देने के बाद पुलिस ने पकड़ाः** शिकायतकर्ता महिला के मुताबिक, आरोपी महिला ने उसे एक खास पार्टी को वोट देने के लिए कहा था। उसने पिंपरी-चिंचवड़ में वोट भी डाला, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया था और शाम 6 बजे के बाद छोड़ा। बाद में उसे कोई पैसा भी नहीं मिला। महाराष्ट्र में 15 जनवरी को 29 नगर निगमों में 2,869 सीटों के लिए वोटिंग हुई थी। अगले दिन नतीजे घोषित हुए। इसमें BJP ने सबसे ज्यादा 1425 सीटें जीतीं। एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 399 और अजित पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (NCP) को 167 सीटों पर जीत मिली।

**ग्राफिक्स में देखें बाकी नगर निगमों का रिजल्टः** भाजपा-शिवसेना (शिंदे) के गठबंधन ने उद्धव ठाकरे से BMC छीनकर, उनका तीन दशक पुराना दबदबा खत्म कर दिया है। बीएमसी में भाजपा 89 जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है। राज्य चुनाव आयोग की तरफ से घोषित फाइनल रिजल्ट के मुताबिक अकेले BJP ने 29 नगर निगमों में 2,869 सीटों में से 1,425 सीटें जीती हैं। शिवसेना ने 399, कांग्रेस ने 324, NCP ने 167, शिवसेना (UBT) ने 155, NCP (SP) ने 36, MNS ने 13, BSP ने 6, SEC में रजिस्टर्ड पार्टियों ने 129, गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों ने 196 और 19 सीटें निर्दलीयों ने जीतीं। महाराष्ट्र चुनाव में मिली हार के बाद UBT के संजय राऊत ने एकनाथ शिंदे को शिवसेना का जयचंद बताया। उन्होंने X पर लिखा- अगर एकनाथ शिंदे शिवसेना के जयचंद नहीं बनते, तो BJP को मुंबई में कभी मेयर नहीं मिलता। मराठी लोग शिंदे को जयचंद के रूप में याद रखेंगे।

## 3 साल पहले गैंगरेप की शिकार युवती की मौत, सदमे में थी, 2023 हिंसा में किडनैपिंग, फिर दरिंदगी हुई

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर में 3 मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के तुरंत बाद गैंगरेप का शिकार हुई 20 साल की युवती की मौत हो गई है। गैंगरेप के समय वह सिर्फ 18 साल की थी। NDTV के अनुसार, महिला लगभग तीन साल पहले किडनैपिंग और गैंगरेप के सदमे से अब तक उबर नहीं पाई थी। महिला की मां ने बताया कि वह गंभीर रूप से जख्मी हुई थी। गंभीर चोटों के कारण उनकी बेटी को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। आखिरकार, 10 जनवरी को वह जिंदगी से जंग हार गई। महिला कुकी समुदाय से थी। उसने मणिपुर के सिंगहाट में अंतिम सांस ली। पीड़ित ने 21 जुलाई, 2023 को FIR दर्ज कराई थी। इसमें उसने आरोप लगाया था कि 15 मई, 2023 को काले रंग की टी-शर्ट पहने चार

अबतक एक भी गिरफ्तारी नहीं



हथियारबंद लोग उसे सफेद बोलेरो में किडनैप कर पहाड़ी इलाके में ले गए। ड्राइवर को छोड़कर उनमें से तीन ने बारी-बारी से उसके साथ रेप किया था। 22 जुलाई, 2023 को पीड़ित का मामला CBI को सौंप दिया गया। हालांकि, इस अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित के लिए न्याय की मांग को लेकर 17 जनवरी को कुकी समुदाय के लोगों ने चुराचंदपुर में कैंडललाइट मार्च निकाला।

**पीड़ित ने बताया था, कैसे आरोपियों के चंगुल से निकलीः** पीड़ित ने बताया था कि आरोपियों ने उसके साथ वो सभी घिनौनी हरकतें कीं, जो वे कर सकते थे। पूरी रात उसे कुछ भी खाने को नहीं दिया गया। पानी तक नहीं दिया गया। उसके आंखों पर पट्टी बंधी थी। सुबह शौचालय जाने के बहाने उसने आंखों पर बंधी पट्टी हटवाई और वहां से भाग निकली। FIR के मुताबिक, सुबह होते ही वह पहाड़ी इलाके से भागकर नीचे पहुंची। वहां सब्जियां ले जा रहे एक ऑटो-रिक्शा चालक ने उसकी मदद की। वह उसे बिष्णुपुर पुलिस स्टेशन ले गया। हालांकि, वहां मैतेई पुलिसकर्मियों को देखकर उसने मदद लेने से इनकार कर दिया। पीड़ित की विनती पर रिक्शा चालक ने ही उसे इम्फाल के न्यू लम्बुलने इलाके में उसके घर तक पहुंचाया। फिर उसे कांगपोकपी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में आगे के इलाज के लिए नगालैंड के कोहिमा के एक अस्पताल में शिफ्ट किया गया था।

## एमपी के जबलपुर में कार ने 13 मजदूरों को रौंदा, 2 की मौत

**एजेंसी, जबलपुर**

मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को तेज रफ्तार कार ने 13 मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में 2 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 मजदूर घायल हो गए। घायलों में से 7 की हालत नाजुक है। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा बरेला थाना क्षेत्र के एकता चौक पर दोपहर करीब 2 बजे हुआ। पुलिस के मुताबिक चैनवती बाई (40 वर्ष) और लच्छो बाई (40 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक और सभी घायल मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र के बिहारिया गांव के रहने वाले हैं। डेढ़ माह से यहां मजदूरी कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, मजदूर सड़क के डिवाइडर में लगी लोहे की जालियों की सफाई करने के बाद बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान बरेला से जबलपुर की ओर आ रही



सफेद कार उन्हें रौंदते हुए भाग गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत बरेला थाना पुलिस और डायल 108 को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। घायल मजदूर महंत उइके ने बताया कि कार अचानक सामने आ गई और देखते ही देखते साथियों को कुचलते हुए भाग गई। जब तक कुछ समझ पाते, तब तक कई साथी सड़क पर घायल पड़े थे। बरेला थाना प्रभारी अनिल पटेल ने बताया कि घायलों का इलाज जारी है और फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## प्रयागराज माघ मेला- पुलिस ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को रोका

**एजेंसी, प्रयागराज**

प्रयागराज माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या के स्नान के लिए आए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी पुलिस ने रोक दी। पुलिस ने उनसे पैदल संगम जाने को कहा। शंकराचार्य के शिष्य नहीं माने और पालकी लेकर आगे बढ़ने लगे। इस पर शिष्यों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। पुलिस ने कई शिष्यों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने एक साधु को चौकी में पीटा। इससे शंकराचार्य नाराज हो गए और शिष्यों को छुड़वाने पर अड़ गए। अफसरों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, हाथ जोड़े, लेकिन वे नहीं माने। करीब 2 घंटे तक गहमा-गहमी रही।

इसके बाद पुलिस ने शंकराचार्य के कई और समर्थकों को हिरासत में ले लिया। शंकराचार्य की पालकी को खींचते हुए संगम से 1 किमी दूर ले जाया गया। इस दौरान पालकी का क्षत्रप भी टूट गया। शंकराचार्य स्नान भी नहीं कर पाए। इस पूरे मामले से



- साधु को पीटा, पालकी खींच ले गए, शंकराचार्य स्नान नहीं कर पाए

नाराज शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद अपने शिविर में धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस प्रशासन ससम्मान प्रोटोकॉल के साथ नहीं ले जाएगा, तब तक गंगा स्नान नहीं करूंगा।

वहीं, प्रयागराज के DM मनीष कुमार वर्मा ने कहा- स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद बिना इजाजत पालकी पर आए थे। उस समय संगम पर बहुत ज्यादा भीड़ थी। उनके समर्थकों ने बैरियर तोड़े, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। हम इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

## डीजीसीए ने इंडिगो पर 22.20 करोड़ का फाइन लगाया, जांच कमेटी ने गड़बड़ी की 4 वजहें बताईं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर 22.20 करोड़ का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के रूल 133A के तहत लगाया गया है। इसके तहत एकमुश्त जुर्माना 1.80 करोड़ है। इसके अलावा FDTL नियमों का 68 दिन तक पालन नहीं करने पर प्रतिदिन 30 लाख का जुर्माना लगाया गया, जो कि 20.40 करोड़ होता है। DGCA ने यह एक्शन 3 से 5 दिसंबर, 2025 के बीच इंडिगो की 2507 फ्लाइट के कैंसिल होने और 1852 फ्लाइट के ऑपरेशन में देरी होने पर लिया है। इस कारण 3 लाख से ज्यादा यात्रियों को परेशानी हुई थी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय (MoCA) के निर्देश पर DGCA



ने मामले की जांच के लिए 4 मेंबर वाली कमेटी बनाई थी। कमेटी ने इंडिगो के नेटवर्क प्लानिंग, क्रू रोस्टरिंग और इंडिगो के इस्तेमाल किए जा रहे सॉफ्टवेयर सिस्टम की डिटेल इंवेस्टिगेशन और स्टडी की। साथ ही बयान भी दर्ज किए।

**इंडिगो बोली- DGCA आदेशों को मानेंगे, सही कदम उठाएंगेः** इंडिगो एयरलाइंस ने कहा है कि वह DGCA के सभी आदेशों को पूरी तरह मानेंगी और जो भी सुधार जरूरी होंगे, वे सही समय पर किए जाएंगे। कंपनी के बोर्ड और मैनेजमेंट का कहना है कि हाल की घटना के बाद काम करने के तरीकों, सिस्टम और संचालन को मजबूत बनाने के लिए अंदरूनी तौर पर पूरी जांच और समीक्षा की जा रही है।

**इंडिगो की गलतियांः** कमेटी के मुताबिक, इंडिगो मैनेजमेंट ने ऑपरेशन में देरी या आपात हालात से निपटने की पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। साथ ही बदले हुए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (FDTL) नियमों को भी सही तरीके से लागू नहीं किया गया। इसी वजह से बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं और यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। जांच में यह भी सामने आया कि एयरलाइन ने क्रू, विमान और नेटवर्क संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर जरूरत से ज्यादा जोर दिया। इससे क्रू रोस्टर में अतिरिक्त गुंजाइश बहुत कम रह गई। डेड-हेडिंग, टेल स्वैप, लंबी ड्यूटी और कम आराम समय जैसी व्यवस्थाओं ने फ्लाइट ऑपरेशन को कमजोर बना दिया।

❑ दिसंबर में एयरलाइन की 2500 फ्लाइट कैंसिल हुई थीं

# विश्व को अस्थिर करता अमेरिकाः- वेनेजुएला और ईरान के बाद अब ग्रीनलैंड पर ट्रंप की नजर- नाटो की अग्निपरीक्षा और यूरोपीय एकता की निर्णायक जीत-एक समग्र विश्लेषण



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

» अंतरराष्ट्रीय कानून,बहुपक्षीय संवाद और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता देकर वैश्विक सहयोग का नया मॉडल बनाने की खास जरूरत

» यूरोप की एकता ने यह साबित किया है कि यदि देश सामूहिक रूप से खड़े हों,तो सबसे शक्तिशाली राष्ट्र को भी पीछे हटने पर मज़बूर किया जा सकता है -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र






गोंदिया - वैश्विक स्तरपर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में जब विश्व बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है,तब भी अमेरिका की विदेश नीति में एक पुराना साम्राज्यवादी आग्रह बार-बार उभरकर सामने आता है।अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और संप्रभुता के सिद्धांतों को दरकिनार करते हुए सैन्य दबाव,आर्थिक प्रतिबंध और टैरिफ हथियार के रूप में इस्तेमाल करना अमेरिका की रणनीति का हिस्सा रहा है। वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन की कोशिशें, ईरान पर अधिकतम दबाव की नीति और अब ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप के आक्रामक बयान,यह सब मिलकर एक ऐसे अमेरिका की तस्वीर पेश करते हैं जो वैश्विक स्थिरता का संरक्षक कम और अस्थिरता का कारक अधिक बनता जा रहा है।ग्रीनलैंड हमेशा डेनमार्क और यूरोपीय संप्रभुता का सवाल रहा हैं,ग्रीनलैंड डेनमार्क के अधीन एक स्वायत्तशासी क्षेत्र है। इसका अर्थ यह है कि उसकी विदेश और रक्षा नीति डेनमार्क तथा यूरोपीय ढांचे से जुड़ी हुई है।जब ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जे या उसे खरीदने जैसी बातों को सार्वजनिक मंच से दोहराया, तो यह केवल डेनमार्क ही नहीं, बल्कि पूरे यूरोप की संप्रभुता को चुनौती देने जैसा था।यूरोपीय देशों को यह एहसास हुआ कि यदि आज ग्रीनलैंड पर दबाव डाला गया, तो कल किसी और यूरोपीय क्षेत्र पर भी ऐसा ही प्रयास हो सकता है। यही कारण है कि इस मुद्दे पर यूरोप ने असामान्य रूप से एकजुट रुख अपनाया।ग्रीनलैंड का मामला नाटो के लिए भी एक निर्णायक परीक्षा बन गया। नाटो एक ऐसा सैन्य गठबंधन है जो सामूहिक सुरक्षा के सिद्धांत पर आधारित है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्ि जब गठबंधन का सबसे शक्तिशाली सदस्य ही अपने सहयोगी देशों पर दबाव डालने लगे तो नाटो की नैतिकता और विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।यूरोपीय देशों ने स्पष्ट संकेत दिया कि नाटो का मतलब केवल अमेरिकी हितों की रक्षा नहीं, बल्कि सभी सदस्य देशों की संप्रभुता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है।इस एकजुटता ने ट्रंप प्रशासन को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि ग्रीनलैंड को लेकर आक्रामक कदम उठाना आसान नहीं होगा। वेनेजुएला और ईरान के मामलों में जहां अमेरिका को सीमित विरोध का सामना करना पड़ा था, वहीं ग्रीनलैंड के मुद्दे पर यूरोप एक स्वर में खड़ा दिखाई दिया। डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड, नीदरलैंड और यूनाइटेड किंगडम सभी ने इस बात को स्पष्ट किया कि ग्रीनलैंड पर किसी भी तरह का दबाव अस्वीकार्य है।यूरोपीय एकता ने ट्रंप के उस आत्मविश्वास को झटका दिया, जिसके तहत वे मानते थे कि आर्थिक या सैन्य दबाव डालकर किसी भी देश को झुकाया जा सकता है। साथियों बात कर हम वेनेजुएला और ईरानः हस्तक्षेप की पुरानी पटकथा को समझने की करें तो ग्रीनलैंड से पहले अमेरिका की नजर वेनेजुएला और ईरान पर रही है।वेनेजुएला में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को कमजोर करने,राष्ट्रपति को अपदस्थ करने और कथित अपहरण जैसी घटनाओं की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक चर्चा हुई। यह सब अंतरराष्ट्रीय कानूनों और किसी भी संप्रभु देश के आंतरिक मामलों में गैर- हस्तक्षेप के सिद्धांत के सीधे उल्लंघन थे।इसी तरह ईरान के खिलाफ लगातार प्रतिबंध, सैन्य धमकियां और क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने की नीति ने मध्य-पूर्व को लंबे समय तक संघर्ष के दलदल में धकेल दिया।इन दोनों उदाहरणों ने यह स्पष्ट कर दिया कि ट्रंप प्रशासन की विदेश नीति कूटनीति पहले नहीं, बल्कि दबाव पहले की अवधारणा पर आधारित थी। ग्रीनलैंडः बर्फ से ढका द्वीप, लेकिन भू-राजनीति का गर्म केंद्र रहा। साथियों बात अगर हम ग्रीनलैंड मुद्दे को समझने की करें तो यह भले ही जनसंख्या की दृष्टि से छोटा और भौगोलिक रूप से दूरस्थ क्षेत्र हो,लेकिन उसकी रणनीतिक अहमियत असाधारण है।यह दुनियाँ का सबसे बड़ा द्वीप है और आर्कटिक क्षेत्र में स्थित होने के कारण सैन्य,ऊर्जा, खनिज और वैश्विक व्यापार मार्गों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण बन चुका है।जलवायु परिवर्तन और बर्फ के पिघलने के साथ आर्कटिक में नए समुद्री मार्ग खुल रहे हैं, जिससे यूरोप- एशिया-अमेरिका के बीच व्यापारिक दूरी कम हो सकती है। इसके साथ ही दुर्लभ खनिज, तेल और गैस जैसे संसाधनों तक पहुंच आसान हो रही है। यही कारण है कि ग्रीनलैंड अब केवल एक द्वीप नहीं, बल्कि भविष्य की वैश्विक शक्ति-राजनीति का केंद्र बन चुका है। साथियों बात अगर कर हम अमेरिका की मंशाःआर्कटिक में वर्चस्व की होड़ को समझने की करें तो अमेरिका लंबे समय से ग्रीनलैंड में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश करता रहा है। वहां पहले से मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकाने और रडार सिस्टम इस बात का संकेत हैं कि वॉशिंगटन आर्कटिक को केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि सामरिक युद्धक्षेत्र के रूप में देखता है।हालिया घटनाक्रम में अमेरिका ने ग्रीनलैंड को लेकर सैन्य और रणनीतिक गतिविधियां तेज करने के संकेत दिए। आधिकारिक तर्क यह दिया गया कि रूस और चीन जैसी उभरती ताकतों को संतुलित करने के लिए यह जरूरी है। लेकिन यूरोप ने इस तर्क को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया, क्योंकि यह संतुलन नहीं बल्कि प्रभुत्व स्थापित करने की कोशिश अधिक प्रतीत हुई।

साथियों बात अगर हम टैरिफ हथियारः-कूटनीति की जगह आर्थिक धमकी इसको समझने की करें तो ग्रीनलैंड के मुद्दे पर विरोध बढ़ता देख ट्रंप प्रशासन ने एक बार फिर टैरिफ को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया।घोषणा की गई कि 1 फरवरी से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड से अमेरिका भेजे जाने वाले सभी सामानों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा।यह कदम स्पष्ट रूप से राजनीतिक दबाव बनाने के लिए था, ताकि यूरोपीय देश अमेरिका के रुख का समर्थन करने को मजबूर हों। हालांकि, इस बार यह रणनीति उलटी पड़ती नजर आई।,यूरोपीय संसद के सबसे बड़े राजनीतिक समूह ईपीपी के प्रमुख मैनफ्रेड वेबर ने ट्रंप की धमकियों को गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी दबाव और टैरिफ धमकियों से यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौतों की आत्मा पर सवाल खड़े हो गए हैं।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा हालात में अमेरिकी उत्पादों पर शून्य प्रतिशत टैरिफ की योजना को फिलहाल रोकना पड़ेगा। यह बयान इस बात का संकेत था कि यूरोप अब केवल प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि प्रतिरोध की नीति अपनाने के लिए तैयार है। साथियों बात अगर हम प्लान होल्ड परःट्रंप को क्यों पीछे हटना पड़ा इसको समझने की करें तो,यूरोपीय देशों के संगठित विरोध और संभावित व्यापार युद्ध की आशंका के चलते ट्रंप प्रशासन को ग्रीनलैंड योजना फिलहाल होल्ड पर डालनी पड़ी। हालांकि उन्होंने 10 प्रतिशत टैरिफ के साथ जून तक की मोहलत दी, लेकिन यह साफ हो गया कि ग्रीनलैंड पर सीधा कब्जा या खुला दबाव डालना आसान नहीं होगा।यह पहला अवसर नहीं था जब ट्रंप को अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे कदम पीछे खींचने पड़े हों, लेकिन यह निश्चित रूप से सबसे प्रतीकात्मक उदाहरणों में से एक है। साथियों बात कर हम आर्कटिक राजनीति का भविष्यः टकराव या सहयोग? इसको समझने की करें तो ग्रीनलैंड विवाद ने आर्कटिक क्षेत्र की राजनीति को वैश्विक विमर्श के केंद्र में ला दिया है। सवाल यह है कि आने वाले वर्षों में आर्कटिक सहयोग का क्षेत्र बनेगा या टकराव का। यदि अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप अपने-अपने हितों के लिए इस क्षेत्र को युद्धभूमि में बदलते हैं, तो इसका असर पूरी वैश्विक व्यवस्था पर पड़ेगा।दूसरी ओर,यदि अंतरराष्ट्रीय कानून, बहुपक्षीय संवाद और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी जाती है, तो आर्कटिक वैश्विक सहयोग का नया मॉडल बन सकता है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्ि ग्रीनलैंड का मुद्दा केवल एक द्वीप तक सीमित नहीं है। यह उस व्यापक संघर्ष का प्रतीक है जिसमें एक ओर एकध्रुवीय प्रभुत्व की सोच है और दूसरी ओर बहुध्रुवीय,नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की मांग।यूरोप की एकता ने यह साबित किया है कि यदि देश सामूहिक रूप से खड़े हों, तो सबसे शक्तिशाली राष्ट्र को भी पीछे हटने पर मजबूर किया जा सकता है। वहीं अमेरिका के लिए यह एक चेतावनी है कि इक्कीसवीं सदी में बल और दबाव की राजनीति अब बिना प्रतिरोध के स्वीकार नहीं की जाएगी। ग्रीनलैंड ने न केवल नाटो की अग्निपरीक्षा ली,बल्कि वैश्विक राजनीति को यह भी दिखा दिया कि भविष्य का विश्व संतुलन टैरिफ की धमकियों और कब्ज़े से नहीं बल्कि संवाद और सहयोग से ही संभव है।

-संकलनकर्ता लेखक-
क़र विशेषज्ञ स्तंभकार
साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक
चिंतक कवि संगीत माध्यमा
सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन
सनमुखदास भावनानीं गोंदिया
महाराष्ट्र 9284141425


## ताकत का दुरुपयोग है विश्व पटल पर ट्रम्प की सामंतशाही



लेखक- मनोज कुमार अग्रवाल

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का व्यवहार लगातार दुनिया को हतप्रभ कर रहा है ट्रंप की हठधर्मिता दिनों दिन ने रूप में सामने आ रही है एक ताकतवर मुल्क किस तरह अराजकत व्यवहार कर अन्य देशों के लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है यह उनके तमाम हरकतों से समझ सकते हैं। अब ताजा घटना चक्र में अमेरिका ने ईरान को हर तरफ से घेरना शुरू कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप के इस फैसले से ईरान के अंदर विरोध प्रदर्शनों पर हिंसक कार्रवाई को लेकर खामेनेई सरकार पर दबाव बढ़ गया है, जिसमें कम से कम 648 लोग मारे गए हैं और पूरे देश में हजारों की गिरफ्तारियां हुई हैं। ट्रंप की यह टैरिफ कार्रवाई संभावित रूप से भारत और चीन सहित कई देशों को प्रभावित कर सकती है, जो ईरान और अमेरिका, दोनों के साथ व्यापार करते हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा, तुरंत प्रभाव से, इस्लामी गणराज्य ईरान के साथ व्यापार करने वाला कोई भी देश, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ होने वाले सभी व्यापार पर 25 प्रतिशत टैरिफ देगा। यह आदेश अंतिम और निर्णायक है। टैरिफ की घोषणा ऐसे समय हुई है जब ट्रंप ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका के पास एक विकल्प यह भी है कि वह ईरान पर हवाई हमला करे। लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि ईरान के पास ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विठकॉफ से बात करने का एक राजनयिक चैनल भी खुला है। उन्होंने कहा कि ईरान अपने सार्वजनिक बयानों की तुलना में निजी तौर पर बहुत अलग बोली बोल रहा है। चीन को ईरान का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार माना जाता है, लेकिन ट्रंप के इस कदम का असर भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और तुर्की पर भी पड़ेगा, जो तेहरान के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से हैं। तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास के अनुसार, भारत ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में ईरान को 1.24 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया, जबकि 0.44 अरब डॉलर का आयात किया, जिससे कुल व्यापार 1.68 अरब डॉलर (लगभग 14,000-15,000 करोड़ रुपये) हो गया। इनमें सबसे बड़ा हिस्सा 512.92 मिलियन डॉलर मूल्य के कार्बनिक केमिकल्स का था। इसके बाद फल, मेवे, खट्टे फलों के छिलके और खरबूजे 311.60 मिलियन डॉलर और खनिज ईंधन, तेल और आसवन उत्पाद 86.48 मिलियन डॉलर के थे। ध्यान रहे कि अमेरिका ने पहले ही रूप्सी तेल की खरीद के लिए भारतीय सामानों पर कुल 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया है। अगर ईरान से व्यापार के लिए भी भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगता है तो व्यापार में और बाधा आएगी। ईरान इस समय गंभीर राजनीतिक और आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। देशभर में भड़के विरोध प्रदर्शनों ने सरकार के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि ईरान में इंटरनेट और मोवाइल सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। यह संकट केवल ईरान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर भारत जैसे देशों पर भी पड़ सकता है, जिनके रणनीतिक और व्यापारिक हित ईरान से गहराई से जुड़े हुए हैं। ईरान भारत की विदेश और व्यापार नीति का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। आपको बता दें कि भारत ने मध्य एशिया, रूस और यूरोप तक अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए जिन परियोजनाओं में निवेश किया है, उनमें ईरान एक प्रमुख ट्रांजिट हब की भूमिका निभाता है। खासतौर पर ईरान के दक्षिण पूर्वी तट पर स्थित चाबहार बंदरगाह भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद अहम है। चाबहार पोर्ट भारत भारत को पाकिस्तान को बायपास करते हुए अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरोप तक सीधा व्यापारिक रास्ता देता है।

## शीर्षक - भारत में लोकतंत्र की दिशा व दशा : एक विश्लेषण



राजेश पाठक

लोकतंत्र के संदर्भ में यह कहना गलत नहीं होगा कि इस शब्द के बुनियादी अर्थ संयुक्त राज्य अमेरिका के 16 वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के गैटिसबर्ग स्पीच से प्रमाणित व संपुष्ट होते हैं जिसमें उन्होंने लोकतंत्र को जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन बताया था। आज भी यह अभिभाषण लोकतंत्र की समीक्षा का आधारभूत स्तंभ है। इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के डेमोक्रेसी इंडेक्स की मानें तो वर्तमान में लगभग 200 देशों में कुल 166 संप्रभु राष्ट्र हैं जहां की शासन व्यवस्था लोकतांत्रिक है। निश्चित रूप से भारत, जहां 912 मिलियन मतदाता हैं, एक विशाल लोकतांत्रिक देश का प्रतिनिधित्व करता है। इतने बड़े लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रतिनिधि होने के कारण भारत, लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं पर शोध किए जाने के लिए एक उर्वर भूमि है।लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता-असफलता को लेकर पूरे विश्व के राजनीतिक शोधकर्ताओं की नजरें भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, लोकतंत्र के संस्थानीकरण, संस्थाओं के लोकतंत्रीकरण आदि जैसे मूलभूत राजनीतिक सिद्धांतों पर टिकी रहती हैं। इस संदर्भ में एंथोनी डाउन की एक शोधपरक पुस्तक -इकोनोमिक थ्योरी आफ डेमोक्रेसी - की चर्चा जरूरी है।इस पुस्तक में राजनेताओं और मतदाताओं के संबंध में कुछ निष्कर्ष निकाले गए थे।उनका मानना रहा है कि मतदाता उसी नेता को वोट देते हैं जिससे उन्हेंअधिकतम फायदे की उम्मीद होती है। नेता भी फायदे को विकास, सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक न्याय जैसे मखमली शब्द जालों में लपेटकर पेश करते हैं। नेताओं के वायदों को मतदाता अपनी अपेक्षाओं के तराजू पर तौलते हैं और जिसका पलड़ा भारी होता है,उसे ही वोट देते हैं। दूसरे शब्दों में जनता और नेताओं का संबंध लेनदेन पर टिका होता है। आगे चलकर वर्ष 1999 में जॉन जेलर ने डाउन के सिद्धांतों में कुछ संशोधन लाए और अपनी पुस्तक -थ्योरी आफ मीडिया पॉलिटिक्स - में जनता, नेता,के साथ तीसरा घटक मीडिया को जोड़ा। राजनेता पहले लोगों तक पहुंच बनाने के लिए जनसभा, रैली,धरना - प्रदर्शन, हड़ताल जैसे औजारों के जरिए जनता में पैठ बनाते थे।अब पैठ बनाने के लिए इन सबों के साथ - साथ मीडिया का सहारा लेते हैं।प्रेस कॉन्फ्रेंस,लाईव कवरेज के माध्यम से ज्यादा सक्रिय होकर अपनी बात जनता तक पहुंचाते हैं। अपनी छवि बनाने और चुनाव जीतने के लिए टी.वी. अखबार, रेडियो, न्यूज मीडिया का जमकर इस्तेमाल करते हैं।यह सच भी है कि मीडिया को भी न्यूज की जरूरत है और इस हेतु वह नेताओं पर निर्भर करने लगा है। आज शोधोपरांत हम मान भी लें कि भारत लोकतंत्र की जननी है तो इससे यह साबित तो जरूर हो जाता है कि भारत में लोकतांत्रिक वृक्ष की जड़ें गहरी हैं, वृक्ष भी घने हैं परंतु यह प्रश्न कि इस लोकतंत्र रूपी घने वृक्ष पर उगने वाले फल कितने रस भरे हैं, सदैव ही अनुत्तरित ही रह जाते हैं। इतने वर्षों के लोकतांत्रिक इतिहास समाए राष्ट्र में जिन कारकों को आज प्रभावी होना चाहिए उनका स्थान भाई-भतीजावाद, जातिवाद, संप्रदायवाद, क्षेत्रवाद,अपराध,धन और बाहुबल ने ले लिया है।देश में धनबल, बाहुबल,परिवारवाद ने किस तरह लोकतंत्र का चीरहरण किया है,यह किसी से छिपा नहीं है। लोकतंत्रात्मक शासन व्यवस्था में विपक्ष की प्रभावी भूमिका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।इसे वैकल्पिक सरकार भी कहा व समझा जाता है परंतु आज का सच यही है कि यह अवधारणा अब राजनीति के हाशिए पर आ गई है।संसद सत्र की अवधि भी घटती जा रही है। संसदीय संस्थाएं जो लोकहित में कानूनों के निर्माण की विमर्श भूमि रही हैं,वे पतनोन्मुख हो रही हैं। देशव्यापी शिक्षण प्रणाली के अभाव में उत्कृष्ट व समावेशी मानव संसाधनों के निर्माण भी प्रभावित हो रहे हैं। न्यायिक निर्णय प्रणालियों में अब तक जो वस्तुनिष्ठता आनी चाहिए,उसका सर्वदा अभाव देखा जा रहा है। देशहित-स्वहित के अस्पष्ट प्रतिमानों के कारण आम व खास लोगों के विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कटघरे में खड़ी है जबकि लोकतंत्र की बुनियाद इसी पर टिकी होती है कि लोकतंत्र में बोलना लाजिमी है,जो बोले वही आदमी है(सकारात्मक प्रतिबंध के अधीन)।

यद्यपि एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म जैसी शोधपरक संस्थाओं द्वारा समय-समय पर दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों आदि पर प्रमुखता से विचारोपरांत भारत का निर्वाचन आयोग प्रक्रियाओं व ढांचों में वस्तुनिष्ठता लाने का हर संभव प्रयास करता रहा है तथापि मतदाताओं के जनतांत्रिक मूल्यों के प्रति कटिबद्धता एवं उससे जुड़े नैतिक आदर्शों के अनुकरण में उतना सफल नहीं हो सका है।कारण स्पष्ट है। जहां देश की एक चौथाई जनता गरीबी रेखा से नीचे गुजर-बसर करती हो वहां लोकतंत्रिक आदर्श की बात बेमानी है।अतः लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु आमजनों की बुनियादी जरूरतों के प्रति सरकार को अधिक संवेदनशील होना होगा। रोजगार विहीन संवृद्धि दर की स्थिति से निपटने की कोशिश करनी होगी।और इस संबंध में सबसे जरूरी है रोजगार की खोज कर रहे लोगों की स्किल मैपिंग। स्किल मैपिंग के माध्यम से हम पता लगा सकते हैं कि कोई भी व्यक्ति किस रोजगार के लिए ज्यादा वांछनीय व कौशलयुक्त है एवं तद्नुसार रोजगारों की श्रृंखला से उन्हें आबद्ध किया जा सके।इसके लिए सरकार स्तर पर दीर्घकालिक या मध्यकालिक पर्सपेक्टिव प्लान बनाये जाने की जरूरत महसूस की जा रही है ताकि निकट भविष्य में या फिर अधिक से अधिक जब भारत अपनी आजादी की सौवीं वर्षगांठ मना रहा हो तो उस वक्त भारत एक स्वस्थ, समुन्नत व दृढनिश्चयी लोकतंत्र के रूप में पूरे विश्व में प्रतिष्ठापित हो सके। परंतु यह भी कि इस लंबी अवधि के दौरान सरकार स्तर पर उक्त दिशा में किए जा रहे प्रयासों को जनता के विश्वास के साथ जोड़े रखना भी उतना ही जरूरी है।

राजेश पाठक,
झारखंड सरकार के योजना एवं विकास विभाग में सांख्यिकी अधिकारी।

## महाराष्ट्र में भाजपा के विकास एवं विश्वास की निर्णायक जीत



लेखक--ललित गर्ग

महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न शहरी निकाय चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा, प्रवृत्ति और भविष्य का संकेत देने वाला एक बड़ा जनादेश बनकर सामने आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में महायुति गठबंधन की ऐतिहासिक सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महाराष्ट्र की राजनीति अब एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। यह बदलाव केवल सत्ता के हस्तांतरण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीतिक सोच, जन अपेक्षाओं और लोकतांत्रिक व्यवहार में गहरे परिवर्तन का द्योतक है। इन चुनावों ने जहां भगवा राजनीति की वैचारिक और संगठनात्मक शक्ति को नए सिरे से रेखांकित किया है, वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच एवं विकास की राजनीति को आगे बढ़ाया है। यह सफलता ऐसे समय में मिली है जब विधानसभा चुनावों में विपक्ष को करारी शिकस्त दिए जाने को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ था। इसके बावजूद राज्यव्यापी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा नीत महायुति गठबंधन का दबदबा यह दर्शाता है कि यह जीत क्षणिक नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ राजनीतिक प्रवाह का परिणाम है। इन परिणामों ने राष्ट्र का ध्यान इसलिए अपनी ओर खींचा, क्योंकि इन चुनावों को मिनी विधानसभा चुनावों की संज्ञा दी गई थी। दशकों तक शिवसेना के वर्चस्व का प्रतीक रहे बृहन्मुंबई नगर निगम, यानी बीएमसी में शिवसेना का दशकों पुराना किला ढ़ह गया, बीएमसी एवं राज्यभर के शहरी निकाय चुनाव में भाजपा का सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरना एवं उसका दबदबा कायम होना, एक बड़े राजनीतिक बदलाव का सबसे सशक्त प्रमाण है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की राजनीतिक सोच और कार्यशैली इस पूरे परिदृश्य में एक निर्णायक कारक के रूप में उभरकर सामने आई है। फडणवीस ने महाराष्ट्र की राजनीति को केवल सत्ता संतुलन की सीमाओं में नहीं बांधा, बल्कि उसे दीर्घकालिक विकास दृष्टि से जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे व्यापक राष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों जैसे बुनियादी ढांचे का विस्तार, डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता, निवेश अनुकूल वातावरण और सुशासन को उन्होंने राज्य की आवश्यकताओं के अनुरूप जमीन पर उतारने का प्रयास किया है। उनकी राजनीति भावनात्मक उत्तेजना या तात्कालिक लोकप्रियता पर नहीं, बल्कि योजनाबद्ध विकास, प्रशासनिक दक्षता और भविष्य की तैयारी पर आधारित रही है। मुंबई से लेकर विदर्भ और मराठवाड़ा तक विकास की समान अवधारणा, शहरी-ग्रामीण संतुलन और रोजगार सृजन पर जोर उनकी सोच को प्रतिबिंबित करता है। इस महाविजय के पीछे फडणवीस की रणनीति के चार प्रमुख स्तंभ रहे हैं- हिंदुत्व और विकास का संतुलन, लोकल मुद्दों पर फोकस, विपक्ष पर प्रभावी जवाब और जनता के साथ जुडाव। यही कारण है कि स्थानीय निकाय चुनावों में जनता ने उन्हें केवल एक प्रशासक के रूप में नहीं, बल्कि एक दूरदृष्टा नेतृत्वकर्ता के रूप में स्वीकार किया है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की जो राष्ट्रीय अवधारणा गढ़ी गई, देवेंद्र फडणवीस ने उसे महाराष्ट्र की राजनीतिक और प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और यही दृष्टि महायुति की सफलता की वैचारिक रीढ़ बनती दिखाई देती है। बीएमसी का महत्व केवल राजनीतिक प्रतीकात्मकता तक सीमित नहीं है। यह देश का सबसे धनी नगर निगम है, जिसका 2025-26 का बजट 74,427 करोड़ रुपये का है, जो कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है। इसीलिये बीएमसी शिवसेना का आर्थिक संबल थी, क्योंकि भ्रष्ट तौर-तरीकों के कारण नगर निकाय का पैसा उसके नेताओं के पास पहुंचता था। बीएमसी के इसी भ्रष्टाचार के कारण मुंबई अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में विकसित नहीं हो पा रही थी। ऐसे में बीएमसी पर नियंत्रण का अर्थ है नीतिगत प्राथमिकताओं, शहरी विकास की दिशा और संसाधनों के उपयोग पर निर्णायक प्रभाव। भाजपा नेतृत्व वाली महायुति की सफलता यह संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में मुंबई का प्रशासनिक और विकासात्मक स्वरूप नए सिरे से गढ़ा जाएगा। मुंबई को खराब सडकों, ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से त्रस्त शहर की छवि से मुक्त करना भाजपा की पहली प्राथमिकता बननी चाहिए। इन चुनावों का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि दो दशक बाद ठाकरे परिवार से जुड़ी पार्टियां एकजुट होकर मैदान में उतरीं, फिर भी वे महायुति की लहर को रोकने में असफल रहीं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की प्रतीकात्मक एकता मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर सकी। इसी तरह शरद पवार और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गुटों का पूणे में गठबंधन भी बुरी तरह विफल रहा। यह पराजय उन राजनीतिक परिवारों के लिए एक चेतावनी है, जिन्होंने लंबे समय तक राज्य की राजनीति में वर्चस्व बनाए रखा था। इन परिणामों से यह स्पष्ट है कि महाराष्ट्र की जनता ने क्षेत्रीय संकीर्णता और पुराने नारों की बजाय विकास, स्थिरता और विश्वास की राजनीति को प्राथमिकता दी है। 'मराठी मानुष' जैसे भावनात्मक मुद्दे इस बार ज्यादा प्रभाव नहीं डाल सके। मतदाताओं ने यह संकेत दिया है कि वे अपनी आकांक्षाओं को केवल पहचान की राजनीति में सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि वे बेहतर बुनियादी ढांचे, पारदर्शी प्रशासन और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि चाहते हैं। इन स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की हाशिये पर मौजूदगी भी एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह स्थिति कांग्रेस के लिए आत्ममंथन का अवसर है। महाराष्ट्र जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में उसकी कमजोर होती पकड़ यह सवाल उठाती है कि क्या पार्टी बदलते राजनीतिक परिदृश्य को समझने और उसके अनुरूप रणनीति बनाने में विफल हो रही है। महा विकास अघाड़ी गठबंधन के भविष्य पर भी इन परिणामों ने प्रश्नचिह्न लगा दिया है। इसके घटक दल पहले ही प्रासंगिक बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और यह पराजय उस संघर्ष को और कठिन बना देती है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ठाकरे और पवार जैसे परिवारों को अब अपनी राजनीति का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। केवल विरासत और अतीत की उपलब्धियों के सहारे राजनीति नहीं चलाई जा सकती। जनता अब जवाबदेही, परिणाम और स्पष्ट दिशा चाहती है। इसके विपरीत भाजपा ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह चुनाव जीतने का गणित अच्छी तरह समझ चुकी है।



ऑस्ट्रेलियन ओपन

## ज्वेरेव की ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीत, महिलाओं में पाओलिनी और स्वितोलिना आगे बढ़ीं

**मेलबर्न, एजेंसी।** तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए गैब्रियल डियालो को हराकर वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव ने कनाडा के 24 वर्षीय खिलाड़ी डियालो के खिलाफ अच्छी शुरुआत नहीं की लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव और दमदार सर्विस के दम पर वापसी करते हुए 6-7 (7), 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह लगातार 10वें वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं। महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले दौर में अलीअक्सांद्रा सास्नोविच को 6-1, 6-2 से हराया। इटली की इस खिलाड़ी को यह मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहला सेट केवल 27 मिनट में जीत लिया था और इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी। इटली के विश्व रैंकिंग में 20वें नंबर पर काबिज फ्लेवियो कोबोली टूर्नामेंट से बाहर होने वाले पहले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी बन गए।

## 4 खिलाड़ी जो बेंच पर काटेंगे पूरा टी20 वर्ल्ड कप!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान पहले ही हो चुका है। 15 खिलाड़ियों की टीम में एक से एक भयंकर खिलाड़ी को शामिल किया गया है। हालांकि मैच में 11 ही खिलाड़ी खेल सकते हैं और इसके चलते कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें बेंच पर बैठना पड़ता है। ऐसे ही 4 खिलाड़ियों की बात हम आगे करने वाले हैं, जिन्हें टी20 वर्ल्ड कप की टीम में जगह तो मिली है, लेकिन उन्हें पूरे टूर्नामेंट बाहर बैठना पड़ सकता है।

**ईशान किशन–** इस बात में कोई दो राय नहीं है कि ईशान एक बेहतरीन आक्रामक बल्लेबाज हैं, लेकिन इस स्क्वाड में संजू सैमसन बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज पहली पसंद नजर आते हैं। संजू ने हालिया समय में मिडिल ऑर्डर और ओपनिंग दोनों जगह खुद को साबित किया है। इसके अलावा, टॉप ऑर्डर में अभिषेक शर्मा और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण ईशान के लिए जगह बनाना मुश्किल होगा।

**हर्षित राणा–** हर्षित राणा एक उभरते हुए तेज गेंदबाज हैं, लेकिन जब टीम में जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह जैसे अनुभवी और मुख्य गेंदबाज मौजूद हों तो तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे का विकल्प इस्तेमाल किया जा सकता है। हर्षित को केवल तभी मौका मिल सकता है जब कोई मुख्य गेंदबाज चोटिल हो जाए।

**वाशिंगटन सुंदर–** वाशिंगटन सुंदर एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं, लेकिन भारतीय टीम में स्पिन विभाग में कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की जगह लगभग पक्की रहती है। साथ ही वरुण चक्रवर्ती का 'मिस्ट्री'

# 96 रन की कप्तान मंधाना की खेली तूफानी पारी



**नवी मुंबई, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के 11वें मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम किया। जीत का चौका लगाते हुए आरसीबी ने प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर मजबूती बना ली है। डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी दिल्ली कैपिटल्स 166 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 10 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। यहां से शेफाली वर्मा ने निकी प्रसाद के साथ पांचवें विकेट के लिए 35 गेंदों में 59 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 69 के स्कोर तक पहुंचाया। निकी 14 गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हुईं। हालांकि, शेफाली ने मोर्चा संभाले रखा। उन्होंने स्नेह राणा के साथ 34 रन, जबकि लूसी हैमिल्टन के साथ 22 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 130 के स्कोर तक पहुंचाया। शेफाली 41 गेंदों में 4 छक्कों और 5 चौकों के साथ 62 रन बनाकर आउट हुईं। लूसी हैमिल्टन ने 36 रन और स्नेह राणा ने 22 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी खेमे से लॉरेन बेल और सायली सतघरे ने 3-3 विकेट हासिल किए। वहीं, प्रेमा रावत ने 2 विकेट निकाले।

### आरसीबी ने लगाया 'जीत का चौका'

इसके जवाब में आरसीबी ने 18.2 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम को 2.1 ओवर में ग्रेस हैरिस (1) के रूप में झटका लगा, लेकिन यहां से कप्तान स्मृति मंधाना ने जॉर्जिया वोल के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 गेंदों में 142 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की दहलीज पर ला दिया। मंधाना शतक से महज 4 रन दूर रह गईं। वह 61 गेंदों में 3 छक्कों और 13 चौकों के साथ 96 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। यहां से जॉर्जिया ने 42 गेंदों में 54 रन की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को 10 गेंदें शेष रहते जीत दिलाई।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे और टी20 टीम का ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है. इस दौरे पर टीम इंडिया 3 वनडे और इतनी ही टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी. टीम में कई बड़े बदलाव किए गए हैं, जिसमें से एक भारती फुलमाली राष्ट्रीय टीम में वापसी है. भारती ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच साल 2019 में खेला था. 31 साल की इस बल्लेबाज की 7 साल बाद वापसी हुई, क्योंकि डब्ल्यूपीएल 2026 में उनका शानदार प्रदर्शन रहा. ये सीरीज जून 2026 में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी के लिहाज से बहुत अहम है. इसको ध्यान में रखते हुए टीम मैनेजमेंट ने युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया है. ताकि जुरूरत पड़ने पर युवा खिलाड़ी भी तैयार रहें. भारती फुलमाली साल 2019 के बाद पहली बार भारतीय महिला टीम में चुनी गई हैं. उन्होंने डब्ल्यूपीएल 2026 में 13 मैचों में 162.85 के स्ट्राइक रेट से 289 रन बनाए हैं. इससे पहले उन्होंने अपने करियर में सिर्फ दो टी20 मुकाबले खेले हैं, जिनमें 23 रन बनाए हैं. टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि भारती फुलमाली फिनिशिंग में टीम के लिए एक अहम योगदान दे सकती हैं. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए श्रेयंका पाटिल को टीम में शामिल किया गया है. श्रेयंका 14 महीने की चोट के बाद वापसी कर रही हैं. जबकि हरलीन देओल को टी20 टीम में जगह नहीं मिली है, भले ही उन्होंने हाल के मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया हो. वनडे टीम में वैश्नवी शर्मा और जी कमलिनि को पहली बार मौका मिला है. ये दोनों खिलाड़ी पहली बार राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनी हैं. वहीं, कश्वी गौतम को वनडे टीम में शामिल किया गया है.



## अब विराट भी पीछे...


### वैभव सूर्यवंशी ने रचा इतिहास, सिर्फ 20 मैचों में किया बड़ा कारनामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर कमाल कर दिया. ग्रुप ए के दूसरे मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी ने बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में एक अहम पारी खेली. इस मुकाबले में टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की, लेकिन टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही. इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने एक छोर को संभालते हुए अर्धशतक जड़ा और एक खास लिस्ट में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया.

यूथ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शान्तो के नाम है. नजमुल हुसैन शान्तो ने कुल 58 यूथ वनडे मैच खेले थे और 1820 रन बनाए थे. ऐसे में वैभव सूर्यवंशी को ये वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने के लिए अभी भी 773 रनों की जरूरत है. हालांकि, वैभव सूर्यवंशी की उम्र अभी 14 साल ही है.

### विराट कोहली से आगे निकले वैभव सूर्यवंशी

भारतीय टीम ने इस मैच में अपने शुरुआती 3 विकेट सिर्फ 53 रन पर गंवा दिए. इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने टीम की पारी को संभालते हुए 67 गेंदों पर 72 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 3 छक्के शामिल रहे. वैभव ने सिर्फ 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो 19 वर्ल्ड कप में सबसे कम उम्र में 50+ स्कोर बनाने का नया रिकॉर्ड भी बना. वहीं, इस मैच में 4 रन बनाते ही वैभव सूर्यवंशी ने यूथ वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया.



## एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य बने विजेंद्र सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजी के दिग्गज विजेंदर सिंह को एशियाई मुक्केबाजी परिषद में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, जो एक शीर्ष खिलाड़ी से वैश्विक खेल प्रशासक बनने के उनके सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विजेंदर भारत के पहले ओलंपिक मुक्केबाज हैं, जिनके पास एमेच्योर और पेशेवर मुक्केबाजी दोनों में खेल के सर्वोच्च स्तर पर खेलने का लगभग दो दशकों का अनुभव है। एशियाई मुक्केबाजी परिषद में उनकी नियुक्ति खेल की उनकी गहरी समझ और पूरे महाद्वीप में इसके विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## भारत की लगातार दूसरी जीत, बांग्लादेश को 18 रन से चटाई धूल

**बुलावायो (जिम्बाब्वे), एजेंसी।** भारतीय युवा ब्रिगेड ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपना दबदबा कायम रखते हुए शनिवार को बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में 18 रन से हरा दिया। बारिश से प्रभावित इस मैच में भारत ने न केवल खेल कौशल, बल्कि शानदार फील्डिंग और अनुशासित गेंदबाजी का भी परिचय दिया। वैभव और अभिज्ञान के बल्ले से निकले रन : टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 48.4 ओवर में 238 रन बनाए।अभिज्ञान कुंडू : टीम के सर्वोच्च स्कोरर रहे, जिन्होंने 80 रनों की कप्तानी पारी खेली।वैभव सूर्यवंशी : 72 रनों की पारी खेलकर वैभव अंडर-19 वर्ल्ड कप इतिहास में अर्धशतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं।

### बारिश ने बदला समीकरण, विहान ने बरपाया कहर

भारतीय पारी के बाद बारिश के कारण मैच रोकना पड़ा, जिसके चलते बांग्लादेश को 29 ओवर में 165 रन का संशोधित लक्ष्य मिला।विहान मल्होत्रा भारत के मुख्य मैच विनर रहे, जिन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए।बांग्लादेश की टीम 28.3 ओवर में 146 रन पर ही सिमट गई।मैच का सबसे बड़ा आकर्षण वैभव सूर्यवंशी का वह कैच रहा, जिसने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में सूर्यकुमार यादव द्वारा पकड़े गए कैच की याद दिला दी। बाउंड्री लाइन पर लिए गए इस हैरतअंगेज कैच ने बांग्लादेशी बल्लेबाज रतुल को पवेलियन भेजकर मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया।

**व्यापार**

## 11 साल बाद न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की तैयारी तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर अब जल्द बड़े फैसले के संकेत मिल रहे हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से जुड़े कर्मचारियों की पेंशन में बढ़ोतरी पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक इस पर फैसला बजट के दौरान या उसके तुरंत बाद लिया जा सकता है। हालांकि पेंशन में कितनी बढ़ोतरी होगी, इसे लेकर अभी तस्वीर साफ नहीं है। लेकिन लंबे समय से चली आ रही मांग पर जल्द राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। ईपीएफओ से जुड़े कर्मचारियों को फिलहाल न्यूनतम पेंशन के तौर पर एक हजार रुपये प्रति माह मिलते हैं। यह राशि पिछले 11 वर्षों से जस की तस बनी हुई है। लंबे समय से पेंशन में कोई बढ़ोतरी नहीं होने को लेकर कर्मचारी संगठनों में नाराजगी है और वे लगातार सरकार से इसमें इजाफे की मांग करते आ रहे हैं। कर्मचारी संगठनों की मांग है कि, पिछले 11 वर्षों में महंगाई कई गुना बढ़ चुकी है। लोगों पर खर्च का बोझ लगातार बढ़ता गया है। ऐसे में सेवानिवृत्ति के बाद महज एक हजार रुपये मासिक पेंशन किसी भी तरह से व्यावहारिक नहीं है। इसी मांग को लेकर 6 जनवरी को भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री से मुलाकात की थी। इस बैठक में संगठनों ने न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग को प्रमुखता से उठाया था। इसके अलावा अन्य कर्मचारी संगठन भी लंबे समय से न्यूनतम पेंशन में बड़े इजाफे की मांग कर रहे हैं। संगठनों का कहना है कि पेंशन राशि को बढ़ाकर कम से कम 7 से 10 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाना चाहिए। ईपीएफओ से जुड़ा पेंशन का मामला इस समय सर्वोच्च न्यायालय में भी विचाराधीन है, जिससे इस मुद्दे पर फैसले की अहमियत और बढ़ गई है।

## 55 प्रतिशत उछल गया यस बैंक का प्रॉफिट, 25 रुपये से कम का है शेयर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के यस बैंक ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही के दौरान बैंक का मुनाफा 55 प्रतिशत की उछाल के साथ 952 करोड़ रुपये रहा। बैंक के मुनाफे में इस वृद्धि की मुख्य वजह प्रावधानों में आई भारी कमी रही। बैंक ने बताया कि पिछले साल की समान अवधि (दिसंबर तिमाही) में उसका नेट प्रॉफिट 612 करोड़ रुपये था जबकि चालू वित्त वर्ष की पिछली सितंबर तिमाही में यह आंकड़ा 654 करोड़ रुपये था। बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 10.9 प्रतिशत बढ़कर 2,466 करोड़ रुपये रही। यह वृद्धि शुद्ध ब्याज मार्जिन में 0.10 प्रतिशत के विस्तार और ऋण में 5.2 प्रतिशत की बढ़त के कारण हुई है। हालांकि, नए श्रम कानून के कार्यान्वयन के कारण बैंक को ग्रेच्युटी के मद में 155 करोड़ रुपये का प्रावधान करना पड़ा। यस बैंक के शेयर की बात करें तो 25 रुपये से कम का है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को 2.22 प्रतिशत बढ़कर 23.46 रुपये पर बंद हुआ। यस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रशांत कुमार ने परिणामों पर चर्चा करते हुए कहा कि बैंक नए लोन देने के मामले में सतर्क है।

## इंडिगो पर 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना

### डीजीसीए का कड़ा प्रहार, दिसंबर संकट के लिए शीर्ष प्रबंधन पर गिरी गाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई की है। दिसंबर 2025 में बड़े पैमाने पर उड़ानों के रद्द होने और देरी के मामले में नियामक ने एयरलाइन पर 22.20 करोड़ रुपये का भारी जुर्माना लगाया है। एयरलाइन को डीजीसीए के पक्ष में बैंक गारंटी देने को कहा गया है। डीजीसीए ने इंडिगो पर न केवल वित्तीय दंड लगाया है, बल्कि एयरलाइन के शीर्ष प्रबंधन को कड़ी फटकार भी लगाई है। इसमें सीईओ को चेतावनी और एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष को परिचालन जिम्मेदारी से हटाने का निर्देश शामिल है। उड़ानें रद्द हुई और 1,852 उड़ानों में देरी हुई, जिससे हवाई अड्डों पर 3 लाख से अधिक यात्री फंस गए थे। डीजीसीए द्वारा गठित चार सदस्यीय जांच समिति ने पाया कि




यह संकट संसाधनों के ओवर-ऑप्टिमाइजेशन (अत्यधिक उपयोग) का परिणाम था। रिपोर्ट के अनुसार, एयरलाइन ने क्रू और विमानों के उपयोग को अधिकतम करने के चक्कर में बफर मार्जिन (सुरक्षात्मक समय सीमा) को खत्म कर दिया था। इसके अलावा, सिस्टम सॉफ्टवेयर में कमियां और विनियामक तैयारियों का अभाव भी इस अव्यवस्था के प्रमुख कारण माने गए। प्रणालीगत उल्लंघन– नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं के उल्लंघन के लिए 1.80 करोड़ रुपये का एकमुश्त जुर्माना। एफडीटीएल मानदंडों का उल्लंघन– संशोधित उड़ान कर्तव्य समय सीमा मानदंडों के पालन में निरंतर विफलता के लिए 68 दिनों तक प्रति दिन 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, जो कुल 20.40 करोड़ रुपये बनता है। शीर्ष प्रबंधन पर कार्रवाई– स्ड्क्क को हटाने का आदेश डीजीसीए ने एयरलाइन के प्रबंधन संरचना में खामियों को गंभीरता से लिया है। नियामक ने इंडिगो के सीईओ को परिचालन की अपर्याप्त निगरानी के लिए चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही, सीओओ (अकाउंटेबल मैनेजर) को भी चेतावनी दी गई है। सबसे सख्त कार्रवाई सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (ओसीसी-ऑपरेशंस कंट्रोल सेंटर) के खिलाफ की गई है। डीजीसीए ने निर्देश दिया है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से उनकी वर्तमान परिचालन जिम्मेदारियों से मुक्त किया जाए और कोई भी जवाबदेह भूमिका न सौंपी जाए। इसके अलावा, फ्लाइट ऑपरेशंस के डिप्टी हेड और क्रू रिसोर्स प्लानिंग के एवीपी को भी चेतावनी जारी की गई है। इंडिगो ने एक बयान में कहा कि वह आदेश का संज्ञान लेती है और उचित कदम उठाएगी। यात्रियों को राहत देने के लिए एयरलाइन ने 3 से 5 दिसंबर के बीच प्रभावित हुए सभी यात्रियों के रिफंड प्रोसेस कर दिए हैं। इसके अतिरिक्त, जेस्चर ऑफ केयर के तहत प्रभावित यात्रियों को 5,000 रुपये के दो ट्रैवल वाउचर (कुल 10,000 रुपये) दिए गए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM
किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)